दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
खबरें सड़क से संसद तक
वर्ष: 16 | अंक 309 | सीकर, सोमवार 05 जनवरी 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

# राजस्थान में पारा फिर शून्य पर
# 14 जिलों में सर्दी का हाई अलर्ट
## अलवर में छह दिन बाद निकला सूरज, कड़ाके की सर्दी से प्रदेश में कोहरा

जयपुर।

राजस्थान के अधिकतर इलाकों में रविवार को भी घना कोहरा रहा। उदयपुर के गोगुंदा में 50 मीटर तक की विजिबिलिटी रह गई थी। हाईवे पर हेडलाइट जलाकर गाड़ियों रेंग रही थीं। उदयपुर शहर में सुबह 11 बजे के बाद सूरज के दर्शन हुए। कोटा, सीकर, सिरोही सहित कई और शहरों में भी हालात कुछ ऐसे ही रहे। अलवर में छह दिन बाद आज हल्की धूप खिली है।

माउंट आबू (सिरोही) में लगातार दूसरे दिन (शनिवार) तापमान शून्य डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सीकर के पलसाना में रविवार को माइनस 0.2 न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया।

शेखावाटी और जयपुर संभाग के जिलों में सर्द हवाओं के कारण ठिठुरन बढ़ गई है। राजसमंद और पलसाना (सीकर) में फसलों पर बर्फ की बूंदें जम गईं। उधर, प्रदेश में आज (रविवार) 5 जिलों में शीतलहर और 9 जिलों में घने कोहरे का अलर्ट जारी किया गया है। शनिवार को प्रदेश के तीन शहरों को छोड़कर बाकी सभी शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के अनुसार, अगले एक सप्ताह तक राज्य में तेज सर्दी, शीतलहर और कोहरा रहने की संभावना है।

### राजसमंद में शीतलहर, ओस की बूंदें जमीं


**राजसमंद के कुंभलगढ़ में रविवार सुबह तेज सर्दी का असर देखा गया। शीतलहर के कारण क्षेत्र के ऊंचाई वाले इलाकों में ठिठुरन बढ़ गई। वेरों का मठ के पास वरदड़ा गांव और आसपास के गांवों में खेतों में ओस की बूंदें जम गईं। वहीं, उदावड़ गांव में कार के शीशे पर भी ओस जम गई। सुबह करीब 6 बजे तापमान गिरकर 5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।**




**कोटा में कोहरा, विजिबिलिटी 100 मीटर रही**-कोटा में रविवार सुबह शहर और ग्रामीण क्षेत्र के इलाकों में कोहरा रहा। इस सर्दी के सीजन में पहली बार इतना ज्यादा कोहरा देखने को मिला है। शहर में विजिबिलिटी 100 से 150 मीटर के बीच रही। सुबह से ही बर्फीली हवाएं चलने के कारण ठंड में और इजाफा हो गया है। हाईवे पर कोहरा अधिक होने से ड्राइवर हेडलाइट जलाकर चले।

**6 दिन बाद अलवर में सूरज के दर्शन हुए**-अलवर में 6 दिनों के बाद रविवार सुबह सूरज निकला है। ठिठुरन भरी सर्दी है। हल्के बादल भी छाए हुए हैं। मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो दिन शीतलहर चलेगी, ठिठुरन और तेज हो सकती है। न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस रहा।

### 5 जनवरी को इन जिलों में शीतलहर की चेतावनी



सोर्स: मौसम विभाग (मैप प्रतीकात्मक है)

● येलो अलर्ट
सीकर, जयपुर और अलवर

### एक सप्ताह तेज सर्दी रहेगी

**मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया- राज्य में आगामी एक सप्ताह मौसम ड्राय रहेगा। अगले 2-3 दिन कुछ भागों में सुबह के समय घना कोहरा रहने की संभावना है। साथ ही आगामी दिनों में न्यूनतम तापमान में 1 से 2 डिग्री गिरावट होने और उत्तरी भागों में शीतलहर का असर रहने की संभावना है। इस दौरान कुछ शहरों में अधिकतम तापमान सामान्य से 2 से 5 डिग्री तक नीचे दर्ज होने के कारण कोल्ड-डे (शीत दिन) की संभावना है।**

### माउंट आबू के बाद फतेहपुर में सबसे ज्यादा सर्दी रही

पिछले 24 घंटे का मौसम देखें तो शनिवार को उत्तर-पूर्वी और उत्तर-दक्षिणी जिलों (जयपुर, भरतपुर, बीकानेर, कोटा और अजमेर के आंशिक जिलों में) में घना कोहरा रहा। कोहरे के साथ ही इन जिलों में कोल्ड-वेव चली और दिन में भी गलन वाली सर्दी रही। माउंट आबू के बाद फतेहपुर (सीकर) में कल सबसे ज्यादा सर्दी रही, जहां का न्यूनतम तापमान (9 डिग्री तक गिरकर) 2 .3 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। फतेहपुर, सीकर, अलवर के ग्रामीण एरिया में पाला पड़ना शुरू हो गया।

### सामान्य से 4 डिग्री नीचे आया अधिकतम तापमान

शीतलहर और कोहरे के कारण धूप का असर खत्म सा हो गया है। अधिकांश शहरों में शनिवार को दिन का अधिकतम तापमान सामान्य से 4 डिग्री नीचे दर्ज हुआ। दिन में सबसे ज्यादा ठंड पिलानी (झुंझुनूं) में रही। यहां अधिकतम तापमान 15 .8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जयपुर, सीकर में अधिकतम तापमान 18-18 डिग्री सेल्सियस, श्रीगंगानगर में 18 .2, कोटा में 17 .6, अलवर में 18 .5, अजमेर में 18 .2, वनस्थली (टोंक) में 18 .8, चूरू में 16 .9, सिरोही में 17 .4, करौली में 16 .8, झुंझुनूं में 16, दौसा में 18 .9 और उदयपुर में 20 .9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

## वेनेजुएला में हालात को लेकर भारत ने जताई चिंता, बातचीत के जरिए मामले को सुलझाने की अपील




**नई दिल्ली।** वेनेजुएला में अमेरिका के हमले के बाद से देश में अस्थिरता का माहौल है। वेनेजुएला में हालात को लेकर भारत ने जताई चिंता और बातचीत के जरिए मामले को सुलझाने की अपील की है।

विदेश मंत्रालय ने आज रविवार को प्रेस रिलीज जारी करते हुए लिखा, वेनेजुएला में हाल की घटनाएं गहरी चिंता का विषय हैं। हम बदलते हालात पर करीब से नजर रख रहे हैं। भारत वेनेजुएला के लोगों की भलाई और सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध। हम सभी संबंधित लोगों से अपील करते हैं कि वे बातचीत के जरिए शांति से मुद्दों को सुलझाएं, ताकि इलाके में शांति और स्थिरता बनी रहे। मंत्रालय ने आगे लिखा कि काराकास में भारतीय दूतावास भारतीय समुदाय के लोगों के संपर्क में है और हर मुमकिन मदद देता रहेगा। वहीं, विदेश मंत्रालय की ओर से वेनेजुएला में रह रहे भारतीयों के लिए एडवाइजरी भी जारी की गई। मंत्रालय का यह बयान कल शनिवार को वेनेजुएला में अमेरिकी डेल्टा फोर्स के एक सैन्य बेस पर हमला करने के बाद आया है। अमेरिकी सेना ने वेनेजुएला में अलग-अलग जगहों पर हमला किया और राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस के साथ पकड़ लिया। अमेरिकी अधिकारियों ने जानकारी दी है कि राष्ट्रपति और उनकी पत्नी को एक वॉरशिप पर बिठाकर न्यूयॉर्क ले जाया गया, जहां फेडरल कोर्ट में नार्को-टेररिज्म के चार्ज फाइल किए गए हैं।

## पीएम मोदी बोले : बनारस में जोश हाई रहेगा, जेन-जेड के हाथों में तिरंगा देख गर्व होता है

वाराणसी।

वाराणसी में 72वीं नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप का पीएम नरेंद्र मोदी ने वर्चुअली उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने प्लेयर्स को काशी की कहावत सुनाई। कहा- हमारे बनारस में कहा जाता है, 'बनारस के जानय के चाहत हऊवै तो बनारस आवै के पड़ी।' यानी, बनारस को जानना है तो आपको बनारस आना पड़ेगा। आप सब अब बनारस आ गए हैं, तो बनारस को जान भी जाएंगे।

मोदी ने कहा- देश के 28 राज्यों की टीमें यहां जुटी हैं। आप सभी एक भारत-श्रेष्ठ भारत की बहुत सुंदर तस्वीर पेश कर रहे हैं। मुझे विश्वास है कि नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप में बनारस का जोश हाई रहेगा। हमें बहुत गर्व होता है, जब जेनजेड को खेल के मैदान में तिरंगा फहराते देखते हैं।

इससे पहले, सीएम योगी ने कहा- पिछले 11 सालों में सबने एक नए भारत को देखा है, भारत को बदलते देखा है। देश में एक नई खेल संस्कृति को पनपते देखा है। 2014 में पीएम मोदी ने 'खेलो इंडिया' की शुरुआत की। अब खेल समय की बर्बादी नहीं, बल्कि जीवन के सर्वांगीण विकास का अभिन्न हिस्सा है।





काशी में हो रही वॉलीबॉल चैंपियनशिप में देशभर की 58 टीमें हिस्सा ले रही हैं। यूपी की ओर से पुरुष टीम के कप्तान श्रेयांस सिंह (यूपी पुलिस) हैं, जबकि महिला टीम की कप्तानी प्रियंका (यूपी पुलिस) कर रही हैं। उद्घाटन मैच यूपी और बिहार की पुरुष टीम के बीच खेला जा रहा है।

यूपी को 43 साल बाद नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप की मेजबानी मिली है। इससे पहले 1984 में इसका आयोजन हुआ था। उद्घाटन से पहले खिलाड़ियों ने सिगरा स्टेडियम में मार्च पास्ट किया, जहां 'सारे जहां से अच्छा' की देशभक्ति धुन गूंजती रही।

### मोदी बोले- जेनजेड तिरंगा फहराते देख गर्व होता है

पीएम मोदी ने कहा- वॉलीबॉल साधारण खेल नहीं है। नेट के इस पार-उस पारज दोनों तरफ संतुलन और सहयोग का खेल है। इस खेल में संकल्प शक्ति भी दिखती है।

## उद्धव बोले- बीजेपी वोट चुराने के बाद उम्मीदवार चुरा रही
### लोकतंत्र पर अब भीड़तंत्र का कब्जा; 20 साल बाद शिवसेना भवन पहुंचे राज ठाकरे



**मुंबई।** शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा कि महायुति पहले वोट चुराती थी अब उम्मीदवार चुरा रही है। देश में ऐसा माहौल हो गया है जैसे लोकतंत्र पर भीड़तंत्र का कब्जा हो। ये बातें उन्होंने शुक्रवार को महायुति के 68 उम्मीदवारों के निर्विरोध जीतने के मामले में कही। वहीं महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे 20 साल बाद शिवसेना भवन पहुंचे जहां दोनों नेताओं ने पार्टी मेनिफेस्टो भी रिलीज किया। वहीं, महाराष्ट्र सीएम देवेंद्र फडणवीस ने वर्ली में एक रैली में कहा कि हम बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान करके उन्हें देश से बाहर निकालेंगे। यह सुनिश्चित करेंगे कि देश की मुंबई को एक ऐसा मेयर मिले जो मराठी और हिंदू हो।

### सीएम बोले- मुंबईकर भाषा विवाद नहीं विकास चाहते हैं

फडणवीस ने भाषा विवाद की आलोचना करते हुए कहा कि कोई भी मुंबई को राज्य के बाकी हिस्सों से अलग नहीं कर सकता और मुंबईकर विकास चाहते हैं। उन्होंने कहा कि यह चुनाव मुंबई और उसके लोगों के बारे में है, जो जाग गए हैं और प्रगति चाहते हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग पहले बीएमसी को नियंत्रित करते थे, उनकी निष्क्रियता के कारण हजारों मिल मजदूरों को शहर छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा। शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने रविवार को मांग की कि जिन नगर निगम चुनावों में उम्मीदवार निर्विरोध जीते हैं, उन्हें रद्द किया जाए और इन वार्डों में फिर से चुनाव शुरू किए जाएं। उधर, महाराष्ट्र के ठाणे जिले में बीजेपी और शिवसेना के 32 उम्मीदवारों को निर्विरोध जीतने के बाद शिवसेना और एमएनएस ने भी चुनावों में धांधली का आरोप लगाया।

## झुंझुनू : कल से ठिठुरते हुए स्कूल जाएंगे मासूम या मिलेगी राहत...?
## अधिकारियों के पास संसाधन, आमजन अलाव के सहारे स्कूली बच्चे बेबस

बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू (नवयत्न)** । जिले में स्कूली बच्चों का शीतकालीन अवकाश आज सोमवार को समाप्त हो रहा है। ऐसे में कल मंगलवार से सभी सरकारी व निजी स्कूल पुनः खुलने वाले हैं। खास बात यह है कि शीतकालीन अवकाश के दौरान जहां सर्दी का असर अपेक्षाकृत कम रहा, वहीं जैसे ही छुट्टियां समाप्त होने का समय आया, वैसे ही शीतलहर ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। बीते कुछ दिनों से तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। सुबह और शाम कड़ाके की ठंड ने आमजन को ठिठुरा दिया है। हालात ऐसे हैं कि लोग अलाव जलाकर, गर्म कपड़ों और हीटर का सहारा लेकर सर्दी से बचाव करते नजर आ रहे हैं। ऐसे में नन्हे-मुन्ने बच्चों को सुबह-सुबह स्कूल भेजने को लेकर अभिभावकों की चिंता बढ़ती जा रही है। बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर अभिभावक खासे चिंतित हैं।

### फैसला जिला कलेक्टर के हाथ

कड़कड़ाती सर्दी के बीच स्कूल खुलने की स्थिति में बच्चों, अभिभावकों और शिक्षकों की निगाहें अब झुंझुनू जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग के निर्णय पर टिकी हुई हैं। यदि प्रशासन शीतलहर को देखते हुए अवकाश बढ़ाने या स्कूल समय में बदलाव को लेकर कोई आदेश जारी करता है तो बच्चों को बड़ी राहत मिल सकती है। अन्यथा मासूमों को ठिठुरन भरी सर्दी में स्कूल जाना पड़ेगा।




### अधिकारी गर्म साधनों में बच्चे ठंड में बैठेंगे

स्थिति यह है कि जहां एक ओर अधिकारी और कर्मचारी अपने कार्यालयों व आवासों में हीटर व गर्म साधनों के सहारे सर्दी से बचाव में वहीं दूसरी ओर छोटे-छोटे बच्चों को सुबह-सुबह स्कूल की ठंडी कक्षाओं में बैठना पड़ेगा। इसके साथ ही शाला दर्पण के अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्रों में भी नन्हे बच्चों की उपस्थिति अनिवार्य है जो अभिभावकों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है।




### ठंड, बीमारी और बच्चे

अभिभावकों और सामाजिक संगठनों का कहना है कि यह बच्चों के साथ संवेदनहीनता और अन्याय के समान है। शीतलहर के इस प्रकोप को देखते हुए कम से कम 5 दिन का अवकाश बढ़ाया जाना आवश्यक है ताकि बच्चों को ठंड से होने वाली बीमारियों से बचाया जा सके। अब देखना यह होगा कि शीतलहर के प्रभाव को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन बच्चों के हित में क्या निर्णय लेता हैं। यदि समय रहते संवेदनशीलता दिखाई जाती है तो ही मासूमों को इस कड़ाके की ठंड से राहत मिल पाएगी।

### पूरे प्रदेश में बीकानेर कलेक्टर की प्रशंसा

राजस्थान में कड़ाके की ठंड और लगातार बढ़ रही शीतलहर को देखते हुए बीकानेर जिला प्रशासन ने छोटे बच्चों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए एक बड़ा और संवेदनशील निर्णय लिया गया। बीकानेर की जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के प्रकोप को देखते हुए जिले के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों के लिए अवकाश संबंधी नए आदेश जारी कर 10 जनवरी तक छुट्टी का बड़ा संवेदनशील फैसला किया, जिसकी पूरे प्रदेश में प्रशंसा की जा रही है। प्रशासन द्वारा यह कदम बच्चों को मौसमी बीमारियों और शीतलहर के दुष्प्रभावों से बचाने के उद्देश्य से उठाया गया है।

### कोबरी-सार



## भामाशाहों का किया सम्मान



सुरेन्द्र शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** अंबेडकर भवन झुंझुनू में अंबेडकर वेलफेयर सोसाइटी झुंझुनू पधारने पर पूर्व आईएफएस मांगीलाल सोनल, सजीया सोनल, ज्योति बालोच का वेलफेयर सोसाइटी के संरक्षक महावीर सानेल, तनसुख सानेल, किरण सानेल, डॉ महेंद्र सानेल, डॉ रश्मि, डॉ ममता सानेल, नरेंद्र, तपेंद्र सानेल ने माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया। संरक्षक महावीर सानेल ने बताया कि रिटायर्ड आईएफएस एम आर बालोच, ज्योति बालोच ने अंबेडकर भवन में इक्यावन हजार रुपए का सहयोग किया था। इस दौरान वेलफेयर सोसाइटी के जिला अध्यक्ष अमरसिंह धीरज, मेघवंशीय समाज चेतना संस्थान के जिला संयोजक रामनिवास भूरिया, अजाक के जिला अध्यक्ष संपत बारूपाल, अंबेडकर शिक्षक संघ के इंद्राज सिंह भूरिया, प्रोफेसर जयलाल सिंह, एडवोकेट प्रताप सिंह चौहान, आवाम ग्रुप के सीताराम बास बुडाना, गुरुदयाल टांक, बसपा के बंशीधर भीमसरिया, मोहनलाल नांद, रामस्वरूप रसोड़ा, बालाराम रांगेरा, भोपाल सिंह, मदनलाल गुडेसर, ओमप्रकाश भूरिया, राजेश हरिपुरा, रोहिताश्व कालियासर, घीसाराम सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रोटरी क्लब ने 54 वां स्थापना दिवस मनाया




निसं

**सरदारशहर ( नवयत्न )।** रोटरी क्लब सरदारशहर का 54 वां स्थापना दिवस स्थानीय अग्रसेन भवन में बहुत ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ रोटरी प्रार्थना से हुआ इसके पश्चात क्लब के सभी पूर्वाध्यक्षो, अध्यक्ष गणेश जैसनसरिया, उपाध्यक्ष विकास लखोटिया ने केक काटकर 54 वें स्थापना दिवस की बधाई दी द्यचार्टडे पर विभिन्न मनोरंजन कप्पल गेम्स एवं बच्चों के खेल और डांस आयोजित हुए । राजकुमार खटोड एवं प्रियंका खटोड, मिस एवं मिसेज रोटरी खिताब के विजेता रहे। इसी दिन क्लब की साधारण सभा में चुनाव अधिकारी निवर्तमान अध्यक्ष संजय सैनी ने सर्व सम्मति से दीपक बच्छावत को सत्र 2027-28 का अध्यक्ष मनोनीत किया गया । सत्र 2026-27 के अध्यक्ष विकास लखोटिया ने अपनी कार्यकारणी की घोषणा की जिसमें सचिव वेद प्रकाश महर्षि, आई.पी.पी. गणेश जैसनसरिया, उपाध्यक्ष दीपक जै, कोषाध्यक्ष यामसुंदर तोषनीवाल एसंयुक्त सचिव सौरभ रातुसरिया एक्लब ट्रेनिंग फेसिलिटर सुरेन्द्र जैसनसरिया, तथा डायरेक्टर पद पर राजकुमार तिवाड़ी, डॉ. अशोक गुप्ता, प्रसन्न लूनिया, महेश करनानी, मुकेश सैनी, संजय कंदोई, मनोज व्यास, राजकुमार खटोड़, रवि अग्रवाल, कन्हैया लाल सैनी, धीरज छाजेड़ को नियुक्त किया है। कार्यक्रम में क्लब के सचिव विश्वेंद्र सिंह बिल्यूँ, उमेश आंचलिया, दीनदयाल भोजक, महेश डागा, राजीव भोजक, विकास लढ़िया, डॉ. अनिल भाकर, योगेश जैसनसरिया गौरव सेठीया, शिव शंकर अग्रवाल विश्वनाथ अग्रवाल राकेश जी हनुमानगढ़ वाले पुनीत भोजक अशोक हरचंदानी आदि उपस्थिति रहें । कार्यक्रम का संयोजन देवकीनंदन अग्रवाल और दीपक बच्छावत ने किया । कार्यकब्रम का संचालन धीरज छाजेड ने किया।

## कुरैशी महासभा संस्थान की नवगठित जिला कार्यकारिणी बैठक संपन्न



हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** कुरैशी महासभा संस्थान, राजस्थान पंजीकृत की नवगठित जिला कार्यकारिणी की बैठक रविवार 4 जनवरी को झुंझुनू में आयोजित की गई। बैठक में सभी नवगठित पदाधिकारियों का स्वागत किया गया तथा आगामी कार्ययोजनाओं की जानकारी दी गई.बैठक का आयोजन जिला अध्यक्ष मोहम्मद अली खोखर की अध्यक्षता में हुआ। प्रदेश सहसचिव एवं प्रदेश प्रवक्ता मोहम्मद जुबैर कुरैशी ने बताया कि संस्थान द्वारा 22 जनवरी को जिला स्तरीय सामाजिक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में शिक्षा के प्रसार, नशे के विरोध, आसान निकाह, सामाजिक एकता और राजनीतिक जागरूकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। विशेष रूप से युवाओं और महिलाओं के मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इस अवसर पर जिला यूथ विंग अध्यक्ष अदनान खत्री, व प्रदेश महासचिव शोएब खत्री विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में जिले व प्रदेश के पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों ने भाग लिया और संगठन को मजबूत करने पर विचार साझा किए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला सचिव, बिलाल बडगुजर, युथ विंग जिला सचिव जुबैर उर्फ जुबी, युथ विंग जिला कोषाध्यक्ष, फयूम कुरैशी, सलीम खोखर, शोएब दानका, रब्बानी सैय्यद, एजाज, जिब्रान सैय्यद, तौफीक सैय्यद, अब्दुल जब्बार, रफीक खोखर, गायस्कर, याकुब टेलर, युसुफ खोखर, मुफ्ती इमरान कासमी, अनवर सैय्यद, सादिक सैय्यद, मोहम्मद सब्बीर, हाशिम कुरैशी, नयासर से अब्दुल गनी, आजम बडगुजर, मंडावा से इकबाल खत्री, अब्दुल कादिर, अब्दुल रहमान, जुबैर, याकुब टेलर, पार्षद तौफीक सैय्यद, पार्षद जुबैर सैय्यद, पूर्व पार्षद अयूब कबाड़ी, इरफान कबाड़ी, मोशीन कुरैशी, अयूब टेलर, शाह खालीद, शाहीन कुरैशी, आजम कुरैशीए गुफरान कुरैशी, आरिफ सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी सम्मेलन में प्रदेश कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी एवं प्रदेश प्रतिनिधि शामिल होंगे और समाज के सर्वांगीण विकास के लिए ठोस रणनीति तैयार की जाएगी।

## जागरण में भजनों की दी प्रस्तुतियां

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ तहसील के ग्राम जोरावरपुरा में सती माता भुरी बाईसा के समाधि स्थल काकंड वाले मंदिर तक जुलूस व शोभायात्रा निकाली व रात्रि में आयोजित जागरण में विक्रमसिंह राजपुरोहित व विनू सोलंकी जालौर ने भजनो की प्रस्तुतियाँ दी। इस अवसर पर दिलीपसिंह भारद्वा, अभिनेष महर्षि पूर्व विधायक, विजय सिंह, सुरमलसिंह छोटी सवाई, सानिया तोलियासर, अन्न चौहान जयपुर, मंगीलाल अहीर, बजरंगसिंह पुजारी, श्रवणसिंह, राजेन्द्रसिंह, बंशीलाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष बोटूसिंह सहित कई गणमान्यजन उपस्थित थे।

# एसटीएसई में फर्स्ट रैंक के साथ प्रिंस के रिकॉर्ड 278 चयन

सपना शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** बोर्ड ऑफ सेकेण्डरी एजुकेशन राजस्थान, अजमेर द्वारा घोषित स्टेट टैलेंट सर्च एग्जामिनेशन रिजल्ट-2025 में सीकर स्थित प्रिंस एजुकेशन हब के विद्यार्थियों ने रिकॉर्ड तोड़ सफलता हासिल की है। बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 10वीं एवं 12वीं ऑल बोर्ड टॉप-20 लिस्ट में प्रिंस के 38 विद्यार्थी एवं राजस्थान बोर्ड टॉप-20 लिस्ट में 20 विद्यार्थी शामिल हैं। इस प्रकार बोर्ड द्वारा कक्षा एवं संकायवार घोषित ऑल बोर्ड कुल 80 टॉपर्स में से 38 विद्यार्थी अर्थात् 47.50 प्रतिशत विद्यार्थी अकेले प्रिंस एजुहब से चयनित हुए हैं। प्रदेश भर से 10वीं में चयनित 863 विद्यार्थियों में से 233 तथा 12वीं में 104 में से 45 सहित कुल चयनित 967 विद्यार्थियों में से रिकॉर्ड 278 विद्यार्थी अर्थात 28.75 प्रतिशत विद्यार्थी अकेले प्रिंस एजुहब से हैं। कक्षा 10वीं ऑल बोर्ड टॉप-20 में तविशा सिंह ने प्रथम रैंक, गौरव व दिव्या ने द्वितीय रैंक, अभिनव शेवरान ने तृतीय रैंक एवं दीपक कुमार व ओनिश बाटू ने चतुर्थ रैंक हासिल की है। इसी प्रकार कक्षा 12वीं ऑल बोर्ड टॉप-20 में अनिता ने प्रथम रैंक, अदिति शर्मा, प्रीति व प्रिंस टेलर ने द्वितीय रैंक, अदिति पारीक, हेमंत जाखड़, हर्षित अग्रवाल व यश अग्रवाल ने तृतीय रैंक, दिव्यांशी सिंह, पूजा चौधरी व भाविक जैन ने चतुर्थ रैंक एवं तान्या व शिवम कुमावत ने पांचवीं रैंक हासिल की है। चेयरमैन डॉ पीयूष सुण्डा ने कहा कि प्रिंस में शुरुआती कक्षाओं से ही प्रत्येक विद्यार्थी को रूचि के अनुसार किसी न किसी कॉम्पिटिशन एग्जाम व ओलंपियाड्स की विशेष तैयारी कराई जाने के कारण ही यह ऐतिहासिक सफलता हासिल हुई है। इस शानदार सफलता पर प्रिंस एजुहब निदेशक जोगेन्द्र सुण्डा, मुख्य प्रबंध निदेशक राजेश ढिल्लन, प्रबंध निदेशक एमआर अग्रवाल, मनोज ढाका, रामचरण यादव सहित प्रबंधन मंडल व फैकल्टी मेंबर्स ने चयनित विद्यार्थियों व अभिभावकों को बधाइयां दी।



### तविशा सिंह ने हासिल की एसटीएसई 10वीं में ऑल बोर्ड फर्स्ट रैंक

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान द्वारा आयोजित एसटीएसई रिजल्ट 2025 में पिपराली सर्किल, सीकर स्थित प्रिंस लोटस वैली स्कूल की तविशा सिंह ने कक्षा 10वीं में ऑल बोर्ड फर्स्ट रैंक हासिल की है। तविशा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं शिक्षकों को दिया है। तविशा के अनुसार सफलता के लिए अनुशासन, नियमित अध्ययन एवं निरंतर अभ्यास बेहद जरूरी है। तविशा भविष्य में आईआईटी से कम्प्यूटर साइंस में इंजीनियरिंग करके आमजन के जीवन को सुगम बनाने हेतु शोध करना चाहती है। नवलगढ़ रोड, सीकर निवासी तविशा के पिता संजय सिंह व्यवसायी हैं जबकि माता कमला देवी स्कूल लेक्चरर हैं।



### अनिता ने हासिल की एसटीएसई 12वीं में ऑल बोर्ड फर्स्ट रैंक

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान द्वारा आयोजित एसटीएसई रिजल्ट 2025 में सीकर स्थित प्रिंस एकेडमी की छात्रा अनिता ने कक्षा 12वीं आर्ट्स में ऑल बोर्ड फर्स्ट रैंक हासिल की है। सांगलिया, सीकर निवासी अनिता के पिता बीरबल राम किसान हैं जबकि माता मंजू देवी गृहिणी हैं। अनिता भविष्य में आईएएस अधिकारी बनकर देशसेवा करना चाहती हैं। अनिता ने अपनी सफलता का श्रेय प्रिंस एकेडमी की पूरी शिक्षक टीम एवं परिवारजनों को दिया है। पढ़ाई के अलावा अनिता को पुस्तकें पढ़ने एवं बैडमिंटन खेलने का भी शौक हैं।

### गौरव ने हासिल की एसटीएसई 10वीं में ऑल बोर्ड सेकंड रैंक

एसटीएसई रिजल्ट 2025 में पालवास रोड, सीकर स्थित पीसीपी प्री-फाउंडेशन के 10वीं कक्षा के छात्र गौरव ने कक्षा 10वीं ऑल बोर्ड रिजल्ट में द्वितीय रैंक हासिल की है। गौरव के अनुसार इस सफलता हेतु पीसीपी प्री-फाउंडेशन के शिक्षकों एवं दादाजी दयाराम यादव ने गौरव को काफी प्रेरित किया। गौरव का सपना भविष्य में आईएएस अधिकारी बनने का है। ढाणी सिंहोडिया, झुंझुनू निवासी गौरव के पिता कुलदीप यादव शिक्षक हैं जबकि माता मनोज देवी गृहिणी हैं।

### दिव्या ने हासिल की एसटीएसई 10वीं में ऑल बोर्ड सेकंड रैंक

राजस्थान बोर्ड द्वारा आयोजित एसटीएसई रिजल्ट 2025 में पालवास रोड, सीकर स्थित पीसीपी प्री-फाउंडेशन की दिव्या ने कक्षा 10वीं में ऑल बोर्ड द्वितीय रैंक हासिल की है। दिव्या आईआईटी से इंजीनियरिंग करके भविष्य में आईएएस अधिकारी बनकर देश सेवा करना चाहती है। दिव्या ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों एवं परिवारजनों को दिया है। सिहोट छोटी, सीकर निवासी दिव्या के पिता विक्रम सिंह वरिष्ठ सहायक हैं एवं माता रहीशा देवी गृहिणी हैं। दिव्या को शतरंज खेलने का भी शौक है।

## योग-क्षेम वर्ष के अंतर्गत संगठन यात्रा आयोजित

निसं

**सरदारशहर ( नवयत्न )।** स्थानीय तेरापंथ भवन में मुनि श्री सुमति कुमार के सानिध्य में योग-क्षेम वर्ष के अंतर्गत संगठन यात्रा का आयोजन रविवार को किया गया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय अणुव्रत समिति की उपाध्यक्ष कुसुम लूणिया, विनोद बच्छावत, नीलम जैन, अशोक चौरडिया, जगदीश प्रसाद जाट सहित अनेक पदाधिकारी पधारे। संगठन यात्रा में पहुंचे पदाधिकारियों का स्वागत अणुव्रत समिति सरदारशहर के अध्यक्ष सुमन भंसाली ने किया। इस अवसर पर सरदारशहर अणुव्रत समिति द्वारा अब तक किए गए विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी गई तथा भविष्य में अणुव्रत आंदोलन के प्रचार.प्रसार को और अधिक सशक्त बनाने पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। मुनि श्री सुमति कुमार के प्रेरक उद्बोधन



से उपस्थित जनों को नई ऊर्जा एवं दिशा मिली। मुनि श्री के सानिध्य को सरदारशहर के लिए सौभाग्य बताते हुए समिति ने उनके प्रति आभार व्यक्त किया। डॉ. कुसुम लूणिया ने समिति के समय-समय पर आयोजित कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए विशेष रूप से स्कूली बच्चों में नैतिक मूल्यों के प्रशिक्षण पर जोर दिया। वहीं डॉ. नीलम जैन ने सरदारशहर में निर्मित अणुव्रत वाटिका की सराहना करते हुए पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यक्रमों पर प्रसन्नता व्यक्त की और भविष्य में भी ऐसे प्रयास निरंतर जारी रखने की आशा जताई। कार्यक्रम में अणुव्रत समिति अध्यक्ष सुमन भंसाली, मंत्री उमेश सिंह राठौड़, पूर्व अध्यक्ष पृथ्वी सिंह बिदावत, संगठन मंत्री सुरेंद्र दूगड़, उप मंत्री सहयोगी अनिल श्याम सुखा, उपाध्यक्ष भारत की गोंड सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। जीवन विज्ञान, क्रिएटिविटी व कॉन्टैक्ट से जुड़े कार्यों में विशेष सहयोग देने वालों की भी सराहना की गई। सभा के अध्यक्ष राजेश बुच्चा, बाबूलाल भंसाली, युवक परिषद उपाध्यक्ष धीरज दूगड़, मंत्री विशाल बोर्ड, महिला मंडल मंत्री मनीषा बैद, कांता चिंडालिया, संगीता, चिंडालिया, सभा के पूर्व अध्यक्ष मोहनलाल बरडिया, विमल जम्मड, मीडिया प्रभारी शांतिलाल नहाटा, गुलाब नाहाटा सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। पूर्व अध्यक्ष सिद्धार्थ चिंडालिया व अभय कुमार बोथरा ने अणुव्रत समिति सरदारशहर को हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम के बाद राष्ट्रीय कमेटी के साथ अणुव्रत समिति सरदारशहर की बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विषयों पर गहन चर्चा हुई। बाहर से आए पदाधिकारियों का अणुव्रत दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मंत्री उमेश सिंह राठौड़ ने सभी आगंतुकों, पदाधिकारियों व सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

## 300 श्रावक-श्राविकाओं ने एक साथ किया जप-ध्यान



निसं

**सरदारशहर ( नवयत्न )।** सर्वांगीण विकास का लक्ष्य रखने वाली संस्था अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के निर्देशन में देश एवं नेपाल की 368 शाखाओं में एक साथ आयोजित एक समय, एक साथए एक सामायिक-एक संदेश की भावना को साकार करते हुए अभिनव सामायिक फेस्टिवल का आयोजन किया गया। इसी क्रम में तेरापंथ युवक परिषद, सरदारशहर ने भी इस राष्ट्रीय आयोजन में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। परिषद् मंत्री धीरज छाजेड ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार को स्थानीय तेरापंथ भवन, सरदारशहर में अभिनव सामायिक फेस्टिवल का सफॅल आयोजन हुआ, जिसमें परिषद् के समस्त सदस्य एवं श्रावक समाज ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। अभिनव सामायिक कार्यक्रम के अंतर्गत मुनि श्री सुमति कुमार जी के पावन सान्निध्य में जप, ध्यान एवं स्वाध्याय विधि का प्रयोगात्मक अभ्यास करवाया गया। इस अवसर पर लगभग 300 श्रावक-श्राविकाओं ने एक साथ सामूहिक रूप से जप एवं ध्यान कर आत्मिक शांति, एकाग्रता एवं चेतना का अनुभव किया। कार्यक्रम के माध्यम से समाज में संयम, आत्मनियंत्रण एवं आध्यात्मिक जागृति का सशक्त संदेश प्रसारित हुआ।

उपस्थित जनसमूह ने इस अभिनव पहल की सराहना करते हुए इसे जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाला बताया।

## फ्रेंड्स फॉर एवर सोसाइटी ने जरूरतमंदों को बाटे कपड़े और कंबल

निसं

**सरदारशहर ( नवयत्न )।** कड़ाके की ठंड और सेवा के संकल्प के साथ फ्रेंड्स फॉरएवर सोसाइटी, सरदारशहर द्वारा रविवार को शहर के विभिन्न स्थानों पर सेवा कार्यों का आयोजन किया गया। सोसाइटी के सदस्यों ने बीकानेर रोड स्थित जसनाथ जी मंदिर के पास जरूरतमंदों को वस्त्र वितरित किए, वहीं कानी देवी सेवा संस्था मंदबुद्धि महिला अनाथ आश्रम में पहुंचकर बेसहारा महिलाओं को कंबल भेंट किए। सदस्यों के इसी सामूहिक प्रयास से सैकड़ों लोगों को सर्दी से राहत दिलाने का प्रयास किया गया। अध्यक्ष नितिन सेठिया ने कहा, फ्रेंड्स फॉरएवर सोसाइटी का मुख्य ध्येय नर सेवा ही नारायण सेवा है। हम भविष्य में भी इस प्रकार के सेवा प्रकल्पों को निरंतर जारी रखेंगे। संरक्षक हरीश




जैसनसरिया ने कहा, समाज के प्रति हमारी भी कुछ जिम्मेदारी है। कड़ाके की इस ठंड में अगर हमारे छोटे से प्रयास से किसी को राहत मिलती है, तो यही हमारी संस्था की असली सफलता है। उपाध्यक्ष छत्रमोहन शर्मा सी.एम. ने कहा कि कानी देवी सेवा संस्था जैसे आश्रमों में जाकर सेवा करना हमें आत्मिक शांति देता है। सचिव राजेश पारीक ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सह सचिव महावीर सोनी, कोषाध्यक्ष गोपाल जालान, चन्द प्रकाश लाटा एपूर्व अध्यक्ष विजयचौधरीने भी सामूहिक प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि जब 100 से ज्यादा हाथ एक नेक मकसद के लिए मिलते हैं, तो समाज में सकारात्मक बदलाव आता है। संगठन मंत्री अमित आंचलिया, राजन जांगिड़, राजवीर सिंह, कपिल शर्मा, रतन मोयल, गौरीशंकर भोजक, राकेश जोशी तथा मुकेश जैसनसरिया सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित होकर सेवा कार्यों में हाथ बंटाया। आश्रम प्रबंधन ने सोसाइटी के इस मानवीय दृष्टिकोण की प्रशंसा करते हुए सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### षौषबड़ा एवं कम्बल वितरण कार्यक्रम आयोजित



निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** सोनी धर्मशाला में स्वर्णकार समाज के तत्वाधान मे षौषबड़ा एवं कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 200 जरूरतमंद व्यक्तियों को कम्बल का वितरण किया गया एवं प्रसादी मे पौषबडा एवं हलवा खिलाया गया। कार्यक्रम मे समाज के ऊकार मल नारनौली, लिछीराम, हनुमान सहदेवड़ा, छोटुराम नारनौली, पीरामल, हनुमान जागलवा, डॉ. जवरीमल सोनी, जगदीश नारनौली, विजय सोनी, रतीराम, राम सहदेवड़ा, लालचंद, मनीराम, राधा कृष्ण कड़ेल, गिरधारी लाल, पवन सिगड, राजू सिगड, अजय सोनी, नंदलाल कुलथिया, चेतन सोनी, संजय सहदेवड़ा आदि लोग मौजूद थे।

## डॉ अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी के चुनाव संपन्न



संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** केंद्रीय कार्यकारिणी के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष के चुनाव जिले के आठ बूथों पर करवाए गए। वेलफेयर सोसाइटी संरक्षक महावीर सानेल एवं रामनिवास भूरिया ने बताया कि रविवार को अंबेडकर भवन के तीन बूथों सहित मंडावा, गुढ़ागौड़जी, नवलगढ़, चिड़ावा, खेतड़ी के बूथों पर 85.25 प्रतिशत मतदान हुआ। पूरे राजस्थान में मतदान हुआ। वेलफेयर सोसाइटी राजस्थान की अनुसूचित जाति एवं जनजाति की सबसे बड़ी संस्था है।

## सावित्री बाई फूले की जयंती मनाई



निसं

**उदयपुरवाटी ( नवयत्न )।** बड़ागांव कस्बे के सिद्धेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में सावित्री बाई फूले की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। मुख्य अतिथि पूर्व प्रधान पति जेपी गुर्जर ने बताया कि किस प्रकार विपरीत परिस्थितियों में भी उन्होंने पिछड़े दलितों के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया था। पूर्व तहसीलदार मंगलचन्द सैनी ने कहा कि असामाजिक तत्व किस प्रकार उन पर कीचड़, पत्थर फेंकते थे फिर भी वे अपने लक्ष्य पर कायम रह कर दलितों-शोषितों को शिक्षा देने का काम किया। विशिष्ठ अतिथि बद्री प्रसाद गुर्जर व रामनिवास सिंह व कप्तान किशोरी लाल ने भी अपने विचार व्यक्त किये। आयोजक रामजी कटारिया थे व मंच संचालन गुटाराम ने किया।

अध्यक्ष बुधराम ने आभार व्यक्त किया। मंचासीन पताशी देवी सहित अनेक महिलाओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। इस मौके पर ताराचंद मावर, सीताराम, सुरेश, मोतीलाल, प्रहलाद, रामलाल, जयप्रकाश, हरि सिंह, नागर मल, प्रकाश दैया, मदन कटारिया, माडूराम, राधेश्याम, श्योपाल, पवन, पूर्णमल सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## अवैध खनन के विरुद्ध सांकेतिक धरना व ज्ञापन




निसं

**उदयपुरवाटी ( नवयत्न )।** ग्राम हुकुमपुरा, बामलास, खेदड़ों की ढाणी एवं खरबासों की ढाणी में जारी अवैध खनन के विरुद्ध ग्रामीणों का शांतिपूर्ण धरना सातवें दिन में प्रवेश कर चुका है। लगातार प्रशासनिक उपेक्षा और जनप्रतिनिधियों की चुप्पी के विरोध में ग्रामीणों ने झुंझुनू जिला कलेक्ट्रेट पर एक दिवसीय सांकेतिक धरना एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया है। धरना स्थल से मरुसेना फाउंडेशन के एडवोकेट जयन्त मूंड ने तीखे शब्दों में कहा कि सात दिनों से संघर्ष जारी होने के बावजूद प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों का उदासीन रवैया बेहद चिंताजनक और निंदनीय है। क्षेत्र में बेलगाम अवैध खनन और अंधाधुंध ब्लास्टिंग की जा रही है, जिसके भयावह दुष्परिणाम सामने आ चुके हैं। जिसमें आसपास के गांवों में सैकड़ों मकानों में दरारें, भू-जल स्तर में तेज गिरावट, पेड़-पौधों और हरियाली का विनाश, धूल कणों से मानव स्वास्थ्य, पशुधन और कृषि पर सीधा प्रहार। एडवोकेट मूंड ने कहा कि कड़ाके की सर्दी में किसान और पर्यावरणविद् शांतिपूर्ण ढंग से बैठे हैं फिर भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं। यह प्रशासनिक असंवेदनशीलता जनहित के विरुद्ध है और पर्यावरणीय संकट को और गहरा कर रही है। यदि तत्काल रोक नहीं लगी तो हालात अपरिवर्तनीय नुकसान की ओर बढ़ेंगे। यदि अवैध खनन पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक व तीव्र किया जाएगा। कॉमरेड मूलचंद खरींटा ने आरोप लगाया कि खनन माफिया अरावली की प्रकृति को लूट रहे हैं और प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। आम आदमी को भारी आर्थिक व संरचनात्मक नुकसान झेलना पड़ रहा है मकानों में दरारें और जीवन-यापन पर संकट इसका प्रमाण हैं। इस संघर्ष में पूर्व सरपंच दारासिंह मेघवंशी, कॉमरेड हरिराम सीथल, सूबेदार गिरधर सिंह, सवाई सिंह, सूबेदार महादेव सिंह, लीलाधर मीणा, कैप्टन विनोद सिंह, मुकेश जांगिड़, रामजीलाल सोहु, मनोज शर्मा, संदीप शर्मा, मोनम कुमावत, अब्दुल कायमखानी, नवीन, प्रदीप यादव, इंस्पेक्टर बीरबल राम, कजोड़मल, भादर बिजारणियां, नरेश सिंह, लीलाराम, पूरन मीणा, बनवारी लाल, आनंद सिंह, लालचंद मीणा, मुकेश सोहु, सुरेश खेदड़, रघुवीर बिजारणियां, सुरेन्द्र सिंह, कैप्टन उम्मेद सिंह, पूरन कांटीवाल, अशोक शर्मा, शिमला देवी, जीवनी देवी, सिलोचना देवी, सुमन देवी सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# एटीएम लूट की वारदात सुझबुझ से बची



निसं

**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** मुकुंदगढ़ मंडी स्थित जयपुर पिलानी रोड़ पर एक्सिस बैंक के लाखों रुपयों से भरा एटीएम रात्रि को पहरा देने वाले पहरेदारो की सुझबुझ एवं पुलिस की सतर्कता के चलते एटीएम लूट की बड़ी बारदात होने से बच गई। बदमाशों ने एटीएम मशीन को रोड पर ही पटक कर फरार हो गए। शनिवार रात्रि पौने दो बजे के लगभग बताई जा रही है। काली स्कार्पियो गाड़ी में आये लुटेरों ने गाड़ी के रस्सा बांधकर एटीएम को काटकर रोड पर खींचते ही जोर की आवाज होने पर एटीएम के पास रहने वाले पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी । मंडी चोराहे पर चौकीदारी कर रहे गुलझारी जानू, शीशराम झाझड़िया, मोबिन मनियार ने जोर जोर से आवाज कर व सिटी बजाने पर शोर गुल किया व एटीएम के पास रहने वाले पड़ोसियों को सड़क पर जोर की आवाज सुनते ही देखा तो लुटेरे एटीएम मशीन को रोड पर पटक रखा था। पड़ोसियों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस भी तत्परता के साथ मौके पर पहुँची जिस कारण लुटेरे एटीएम सड़क पर पटक भाग छुटे। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को लुटेरों ने स्प्रै लगाकर चले गए जिससे की कुछ दिखाई ना दे। थानाधिकारी ताराचंद यादव के नेतृत्व में पुलिस मौके पर पहुचकर लुटेरों का पीछा किया। पुलिस ने लुटेरों का पीछा किया लेकिन लुटेरे अंधेरे का फायदा उठाकर मुकुंदगढ़ बाइपास रोड से होते हुए बापस मुकुंदगढ़ होते हुए नुआ भोजासर के तरफ भाग छुटे। पुलिस ने रात्रि को ही पूरे जिले में ए श्रेणी की नाकाबंदी करवाई गई। एटीएम सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को एटीएम में 20 लाख रुपये की राशि डाली गई थी। थानाधिकारी ताराचंद यादव ने बताया कि लुटेरों के पिछे पुलिस टीमें गठित कर टीमें लगा दी गई है।

# अनुविभा के विविध प्रकल्पों में उत्साहपूर्वक जुड़ें : लूनिया



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ की अणुव्रत विश्व भारती द्वारा संचालित विविध प्रकल्पों में उत्साहपूर्वक भाग लेकर अणुव्रत आंदोलन को गति प्रदान करें। ये विचार अणुविभा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. कुसुम लूनिया ने योगक्षेम संगठन यात्रा में उपस्थित नगरवासियों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने अणुव्रत आचार संहिता का वाचन कर संकल्प दिलाते हुए अणुव्रत समिति, द्वारा संपादित कार्यक्रमों की जानकारी प्राप्त कर प्रसन्नता व्यक्त की। मानवीय मूल्यों के आधार पर एक आदर्श समाज की स्थापना के उद्देश्य से संचालित अणुव्रत आंदोलन के अंतर्गत योगक्षेम अणुव्रत यात्रा के दौरान आज रविवार को स्थानीय तेरापंथ भवन में आयोजित इस कार्यक्रम को बीकानेर संभाग के राज्य प्रभारी अशोक चोरड़िया, अणुव्रत प्रकाशन सदस्यता प्रसार के राष्ट्रीय संयोजक विनोद बच्छावत, पर्यावरण प्रकल्प की राष्ट्रीय संयोजक डॉ. नीलम जैन और लोक सेवा संस्थान के अध्यक्ष चतुर्भुज गोस्वामी ने भी संबोधित किया। समिति अध्यक्ष कुलदीप व्यास ने अतिथियों का स्वागत किया। मंत्री नरेंद्र स्वामी ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। सह मंत्री नरेंद्र सांकृत्य ने अतिथियों को समिति गतिविधियों का फोल्डर भेंट किया। अणुव्रत कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन, आपसी समन्वय एवं आगामी कार्ययोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा के अध्यक्ष मोतीलाल तातेड़ ने अणुव्रत को आचार्य तुलसी की महान अवधारणा बताते हुए संयम, नैतिकता और मानवीय मूल्यों के संदेश को पूर्ण ऊर्जा के साथ जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उपस्थितजनों ने अणुव्रत आंदोलन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प व्यक्त किया। महिला मंडल अध्यक्ष अनीता बैद, पूर्व अध्यक्ष कमला देवी हीरावत, सुमन कुंडलिया, मंजू बैद, प्रधानाचार्य गिरधारीलाल स्वामी आदि ने अतिथियों का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। हनुमान बालिका विद्यालय की छात्राओं द्वारा अणुव्रत गीत संगान से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में समिति के कोषाध्यक्ष राजकुमार बैद, वेदप्रकाश चौधरी, अणुव्रत समिति चाड़वास के अध्यक्ष जगदीश जाट, पूजा शर्मा, नथमल तातेड़, राहुल आंचलिया, दौलतराम दायमा, मनफुल राम, सुभाष बैद, अरविंद मिश्रा, पूनमचंद दूगड़, वासुदेव चाकलान, भैराराम प्रजापत, मनोज सारस्वत, सुभाष मीणा, मांगीलाल स्वामी, रामरतन प्रजापत, रामचंद्र दायमा, कमल बैद, नीरज बैद आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में क्रिएटिविटी कॉन्टेस्ट में भाग लेने वाली छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# तीन घंटों में कूल्हे का जटिल ऑपरेशन हुआ सफल



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** स्थानीय एम.एन. घोड़ावत हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में कूल्हे का जटिल ऑपरेशन तीन घंटों में सफलता पूर्वक और नि:शुल्क संपन्न हुआ। इसके बाद मरीज की हालत में भी निरंतर सुधार देखा गया। आर्थोपेडिक सर्जन डॉ. श्रेयांश घोड़ावत ने बताया कि राज्य सरकार की चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के अंतर्गत तेलीरोड निवासी रईसा पुत्री मोहम्मद सद्दीक का जटिल ऑपरेशन सफ्लता पूर्वक किया गया है। रईसा पिछले दो महीनों से कूल्हे के फ्रैक्चर से पीडि़त थी। जिसके चलते वह चलने फिरने में आश्रम थीं। साथ ही मरीज की उम्र, कमजोर हड्डियों और उसकी हृदय संबंधी समस्या के कारण ऑपरेशन करना चिकित्सकों के सामने चुनौती भरा कार्य था। मरीज की गंभीर परिस्थितियों में डॉ वी.एस. घोड़ावत के मार्गदर्शन में डॉ. श्रेयांस घोड़ावत और उनकी टीम ने करीब तीन घंटे में इस जटिल ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। ऑपरेशन के बाद मरीज की स्थिति में निरंतर सुधार भी देखा जा रहा है। मरीज के परिजनों ने राजस्थान सरकार की चिरंजीवी योजना में नि:शुल्क ईलाज करने और हॉस्पिटल स्टाफके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया है।

# भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष गुप्ता का अग्रवाल समाज ने किया अभिनंदन




निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** भारतीय जनता पार्टी के चौथी बार प्रदेश कोषाध्यक्ष बनने पर पंकज गुप्ता का रविवार को ग्रैंड शेखावाटी होटल में चूरू जिला अग्रवाल समाज की ओर से अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष एवं पूर्व सभापति गौरीशंकर मंडावेवाला, परमानंद मंगलुनिया सुजानगढ़, राजगढ़ के पूर्व पालिकाध्यक्ष जगदीश बैरासरिया, रतनगढ़ से अग्रवाल समाज के जिला अध्यक्ष कैलाश चौधरी, जगदीश जयसिंहसरिया सरदारशहर, सुशील सरावगी तारानगर, भाजपा महिला मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष पूनम गुप्ता, निर्मला देवी मंडावेवाला, ललिता रामगढ़िया, राधेश्याम पांडूसरिया, पवन बगड़िया अतिथि थे। वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में कार्यक्रम को अग्र कुंभ का नाम देते हुए कहा कि आज के कार्यक्रम से अग्रवाल समाज में नई चेतना का संचार हुआ है। अतिथियों का महेंद्र राजगढ़िया, श्यामसुंदर मित्तल, संजय मुरारका, राजेश बैरासरिया, संजय चाचाण, विनोद उड़सरिया, विमलेश भालेरीवाला, सुलेखा, मीनाक्षी ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। वहीं डॉ प्रेम प्रकाश गोयल, सुरेंद्र खेमका, बजरंग बाजोरिया, संजय सिंघानिया, राज मोदी, डॉ सारिका अग्रवाल, कालीचरण खेमका, विनीत बजाज, वेणुगोपाल मंडावेवाला, श्रीकांत बगड़िया, सुशील बजाज, शेरू गोयनका, महेश गोयनका, मुरलीधर ऊँटवालिया, प्रदीप सरावगी, अंकित बाजोरिया, रघुनाथ खेमका, कल्पेश सराफ, अरविंद बगड़िया, काशीराम क्याल, राजेश भावसिंहका, चंद्रशेखर झुंझुनूंवाला ने भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता का माला, साफा, शॉल, श्रीफल, मोमेंटो, अभिनंदन पत्र, अग्रसेन की प्रतिमा के साथ सम्मान किया। पवन बगड़िया ने अभिनंदन पत्र का वाचन किया। अपने अभिनंदन से अभिभूत पंकज गुप्ता ने कहा कि आज समाज को एक मंच पर देखकर मन प्रसन्न हो रहा है। हम एक दूसरे को जोड़कर आगे बढ़ते जाएं तभी इस कार्यक्रम की सार्थकता है। उन्होंने बताया कि इस सम्मान के वह आभारी है और हमेशा समाज के लिए तत्पर रहेंगे। कार्यक्रम में जिले भर से आए अग्रवाल समाज के महिला पुरुष उपस्थित रहे। संचालन मुकुल भाटी ने किया।

# दस दिवसीय व्यवसायिक प्रशिक्षण सम्पन्न



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** कस्बे की पीएम श्री श्री यूनियन क्लब राबाउमावि के व्याख्याता रिखा राम तालणिया ने बताया कि ओजीटी इंटर्नशिप आयोजन पीएम श्री श्री यूनियन क्लब राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय द्वारा कक्षा 11वीं एवं 12वीं की छात्राओं के लिए ओजीटी ओन द जोब ट्रेनिग इंटर्नशिप कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया था। ये कार्यक्रम 26 दिसम्बर से 4 जनवरी तक सफलतापूर्वक आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य मोहन सिंह राठौड़, कौशल मित्र रमेश कुमार एवं व्यावसायिक प्रशिक्षक पिंकी मंडल उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान व्यावसायिक प्रशिक्षक सुश्री पिंकी मंडल ने छात्राओं को ओजीटी इंटर्नशिप के उद्देश्य एवं महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छात्राएँ अपनी नियमित पढ़ाई के साथ-साथ 10 दिनों का व्यावसायिक प्रशिक्षण जॉब ट्रेनिंग की, जिससे उनका व्यावहारिक ज्ञान, कार्य अनुभव एवं आत्मविश्वास विकसित होगा। यह प्रशिक्षण भविष्य में रोजगार एवं स्वरोजगार की दिशा में सहायक सिद्ध होगा। कक्षा 11वीं एवं 12वीं की छात्राओं के लिए ओजीटी इंटर्नशिप का आयोजन खुशी ब्यूटी पार्लर, मोनिका ब्यूटी पार्लर तथा निखार ब्यूटी पार्लर में किया गया। इन प्रशिक्षण स्थलों पर छात्राओं को सौंदर्य एवं स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न व्यावसायिक गतिविधियों का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान किया गया । अंत में विद्यालय प्रशासन द्वारा सभी प्रशिक्षण संस्थानों का सहयोग हेतु आभार व्यक्त किया गया।

# केपीएस कॉलेज के छात्रों का वेस्ट जोन लॉन टेनिस प्रतियोगिता हेतु चयन



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ की केपीएस कॉलेज के छात्र वासुदेव बिजारणिया एवं अमित कुमार गोदारा का चयन लॉन टेनिस पुरुष वर्ग में वेस्ट जोन 2025-26 के अंतर्गत महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर की विश्वविद्यालय टीम के प्रतिनिधित्व हेतु हुआ है। उक्त जानकारी देते हुए कालेज के निदेशक ओमप्रकाश गोदारा ने बताया कि विश्वविद्यालय टीम वेस्ट ज़ोन लॉन टेनिस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु कोल्हापुर महाराष्ट्र में 7 जनवरी से 10 जनवरी 2026 तक आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में सहभागिता करेगी। प्रतियोगिता के लिए टीम को 3 जनवरी 2026 को स्वागत करते हुए रवाना किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के स्टाफ सदस्यों एवं छात्र-छात्राओं ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। महाविद्यालय प्रबंधन ने इसे केपीएस कॉलेज के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता अन्य छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी।

# जरूरतमंद परिवार जनों को कंबल वितरण करना पुण्य का कार्य : रिणवां

निसं



**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर युवा विकास समिति की प्रेरणा से कस्बे के भामाशाह छत्रसिंह बोथरा ने अपनी माता स्वर्गीय किरण देवी बोथरा पिता स्वर्गीय बाबूलाल बोथरा की स्मृति में गांव पंचायत बंडवा एवं बिनादेसर में जरूरतमंद महिलाओं एवं पुरुषों को श्रीराम अक्षय गौशाला में 150 कंबल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां, नथू सिंह, युवा विकास समिति के अध्यक्ष रतन लाल बारूपाल, संरक्षक पूनम चंद्र गर्ग, पूर्व सरपंच करणी सिंह, हनुमाना राम सुथार के सानिध्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व देवस्थान मंत्री रिणवां ने कहा अपने माता-पिता की याद में जो पुत्र इस सर्दी के मौसम में जरूरतमंद परिवार जनों को जो कंबल वितरण का कार्यक्रम लगातार कर रहे हैं उसके लिए मेरे पास कोई शब्द नहीं है। पूर्व मंत्री राजकुमार ने कहा भविष्य में भी इसी तरह छत्तर सिंह बोथरा परिवार जरूरतमंद परिवार जनों की सेवा करते रहे।

कार्यक्रम में युवा विकास समिति के अध्यक्ष रतनलाल बारूपाल ने समिति के द्वारा अब तक कराए गए कार्यों की जानकारी दी एवं भामाशाह छतर सिंह बोथरा का आभार प्रकट करते हुए कहा कि लगातार 3 वर्षों से प्रतिवर्ष जितनी कंबल जरूरतमंदों को चाहिए उनके द्वारा मदद की जा रही है। उन्होंने छतर सिंह बोथरा परिवार का आभार जताया। कार्यक्रम में कृष्ण गोपाल दाधीच ने कहा बोथरा परिवार के द्वारा बंडवा गांव के अंदर पहली बार कंबल वितरण का जो कार्यक्रम आयोजित किया है उसके लिए पूरे ग्राम वासियों की ओर से आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का बालाजी महाराज का लॉकेट पहनाकर सम्मान किया एवं जरूरतमंद महिला व पुरुषों ने छतर सिंह बोथरा का आभार जताया। कार्यक्रम में युवा विकास समिति के मंत्री मदन दाधीच, रमेश सारस्वत, विनोद भाटिया, लालचंद सारस्वत, शिव भगवान सोनी, अशोक गर्ग, विकास दाधीच सहित अनेक ग्रामवासी उपस्थित थे।

# सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट लगाए जाने पर थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

निसं



**राजलदेसर ( नवयत्न )।** सोशल मीडिया पर अनुसूचित जनजाति एवं बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने वाले व्यक्ति की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। नगर कांग्रेस कमेटी राजलदेसर यह कड़े शब्दों में निंदा करती है कि सोशल मीडिया पर एक असामाजिक तत्व द्वारा अनुसूचित जनजाति समाज एवं भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के विरुद्ध अत्यंत आपत्तिजनक, घृणास्पद एवं भड़काऊ भाषा का प्रयोग किया गया है। यह कृत्य न केवल समाज की भावनाओं को आहत करता है बल्कि कानूनन गंभीर अपराध भी है। नगर कांग्रेस कमेटी ने पुलिस थाना राजलदेसर में ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि उक्त व्यक्ति को तत्काल गिरफ्तार किया जाए तथा उसके सोशल मीडिया अकाउंट एवं आपत्तिजनक सामग्री पर शीघ्र कानूनी रोक लगाई जाए। कांग्रेस कमेटी ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते कठोर कार्यवाही नहीं की गई तो पार्टी लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने को बाध्य होगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। नगर कांग्रेस कमेटी यह स्पष्ट करना चाहती है कि बाबा साहब और संविधान का अपमान किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वालों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए। ज्ञापन देने कांग्रेस नगर अध्यक्ष मोहम्मद जब्बार खोखर, पूर्व नेता प्रतिपक्ष मोहन लाल मेघवाल, मोहम्मद शरीफ छींपा, पार्षदगण और प्रतिनिधि भागीरथ रैगर, नब्बीबक्स निर्बान, इदरीश खत्री, शरीफ बेहलीम, मिर्जाराम मेघवाल, गोविंद सिंह कठोड़, डॉक्टर रतनलाल वाल्मीकि, राजेश स्वामी, भोजराज मेघवाल, रिजवान बगड़, अशफाक बगड़, कालू राम मेघवाल, संजय बारूपाल, चंद्रजीत वाल्मीकि, दीपाराम कड़वासरा, बैनी माधव, इस्माइल खत्री, महबूब खत्री, सरवन मेघवाल, जाकिर हुसैन बगड़, गुलाम बाबा काजी, गिरधारी लाल मेघवाल, रतनलाल मेघवाल, भंवरलाल मेघवाल, अनवर गौरी, असलम काजी, करीम बक्स छींपा सहितअन्य सभी समाज के लोग और पार्टी के सदस्यगण मौजूद रहे।

# कृषक भ्रमण दल रवाना



जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** आत्मा योजनान्तर्गत जिले के 40 कृषकों के सात दिवसीय कृषक भ्रमण दल को 04 जनवरी 2026 से 10 जनवरी 2026 तक शीशराम जाखड़, उप निदेशक कृषि एंव परियोजना निदेशक आत्मा झुन्झुनू ने हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड, व उत्तर प्रदेश के लिए हरी झंडी दिखाकर आत्मा कार्यालय के सामने से रवाना किया। यह कृषक भ्रमण दल 7 दिन में चौधरी चरण सिंह कृषि एवं प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय, केन्द्रीय भैंस अनुसंधान संस्थान हिसार हरियाणा, नेशनल डेयरी अनुसंधान संस्थान, गेंहू एवं जौ अनुसंधान संस्थान, केन्द्रीय लवणता अनुसंधान संस्थान करनाल हरियाणा, केन्द्रीय आलु अनुसंधान संस्थान शिमला हिमाचल प्रदेश, डॉ. वाई.एस. परमार उद्यानिकी विश्वविद्यालय सोलन हिमाचल प्रदेश, केन्द्रीय मृदा एवं जल संरक्षण अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान देहरादून उत्तराखण्ड, सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि विश्वविद्यालय मेरठ उत्तर प्रदेश व राष्ट्रीय जैविक एवं प्राकृतिक खेती अनुसंधान संस्थान गाजियाबाद उत्तर प्रदेश का भ्रमण करेगें। उप निदेशक कृषि झुन्झुनू शीशराम जाखड़ ने बताया कि कृषक उपरोक्त विश्वविद्यालयों, अनुसंधान संस्थानों व प्रशिक्षण स्थलों का भ्रमण कर जोखिम प्रबन्धन, लागत में कमी, पौषण प्रबन्धन, नवाचार, उद्यानिकी फसलों का उत्पादन एवं प्रबन्धन, वर्षा जल संरक्षण, जल प्रबन्धन तकनीक, जल व मृदा संरक्षण, संतुलन उर्वरक व कीटनाशी का उपयोग उद्यानिकी की उन्नत तकनीक, प्राकृतिक व जैविक खेती, लवणीय जल में कृषि गतिविधि, नवाचार गतिविधिया, अनुसंधान सब्जी जानकारी, पशु संवर्धन, पशुओं की उन्नत नस्लों की जानकारी, दुग्ध उत्पादन प्रबन्धन, प्रोधोगिकी प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन, मशरूम उत्पादन सहित आधुनिक कृषि की नवीनततम जानकारी प्राप्त करेगें। भ्रमण दल रवानगी के मोके पर उप परियोजना निदेशक आत्मा झुन्झुनू प्रमोद कुमार, प्रेम कुमार, सहायक कृषि अधिकारी, झुन्झुनू व राकेश कुमार कटेवा, कृषि पर्यवेक्षक, झुन्झुनू, विजय ढ़ाका, तपेश कुमार, रीतेश कुमार सहित 40 कृषक उपस्थित थे। भ्रमण दल के प्रभारी प्रेम कुमार, सहायक कृषि अधिकारी, झुन्झुनू व राकेश कुमार कटेवा, कृषि पर्यवेक्षक, झुन्झुनू को नियुक्त किया गया है जो भ्रमण के दौरान कृषकों के साथ रहेगें।

# सेना दिवस परेड का आयोजन प्रदेश के लिए गर्व एवं हर्ष का विषय : मुख्य सचिव

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर में 8 जनवरी से 15 जनवरी 2026 तक आयोजित होने जा रही सेना दिवस परेड-2026 के दिव्य एवं भव्य आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने रविवार को महल रोड जगतपुरा स्थित आयोजन स्थल का दौरा कर सेना दिवस परेड की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने मौके पर ही अधिकारियों को सफल आयोजन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने आयोजन स्थल पर पहुंचकर मैप्स एवं चार्ट के माध्यम से विभिन्न व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध ढंग से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सेना दिवस परेड का जयपुर में आयोजन पूरे प्रदेश के लिए गर्व का विषय है और इसे राष्ट्रीय स्तर की गरिमा के अनुरूप आयोजित किया जाना चाहिए। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने कहा कि राजस्थान सरकार सेना दिवस परेड-2026 के सफल आयोजन के लिए पूर्ण सहयोग प्रदान करेगी। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, दर्शक दीर्घा एवं मंच व्यवस्था, स्वच्छता, विद्युत एवं पेयजल व्यवस्था, पार्किंग, चिकित्सा सेवाएं तथा आपातकालीन प्रबंधन को लेकर विशेष निर्देश दिए। साथ ही, आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए पूर्व तैयारी एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रशासन एवं सेना के धिकारियों से फील्ड-लेवल तैयारियों की जानकारी ली तथा आवश्यक सुधारात्मक सुझाव भी दिए। इस अवसर पर प्रमुख शासन सचिव नवीन जैन, जिला कलक्टर जयपुर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी, आयुक्त नगर निगम डॉ. गौरव सैनी, मेजर जनरल अमर रामदासानी, मेजर जनरल रोहित मेहरोत्रा, ब्रिगेडियर सुरेंद्र सिंह शेखावत, ब्रिगेडियर संजय शर्मा एवं कर्नल सुभाष बसेरा सहित प्रशासन एवं सेना के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# भजन संध्या आज

निसं

**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** कामाक्षा मा शैलेन्द्र बाबा कामधेनू सेवा संस्थान ट्रस्ट के तत्वाधान में श्री श्री 1008 परमहंस कुभनाथजी दरबार की पुण्यतिथि की पूर्व संध्या पर आज रात्रि को विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा। बाबा के सेवक रमेश कुमार ने बताया कि भजन संध्या में भजन सम्राट अहमदाबाद से आशा वैष्णव, बालोतरा से प्रकाश माली एवं जोधपुर से गजेंद्र राव भजनों की प्रस्तुतियां देंगे। प्रात: जिला एवं ऑपन राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन होगा। विशाल इलैक्ट्रो एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर शुरू होगा जिसमे डॉ. नन्दकिशोर कुमावत के नेतृत्व में एम्यूप्रेशर एवं प्राकृतिक चिकित्सा शिविर लगेगा।

## सम्पादकीय

# जादू-टोने के शक में जलते घर, बुझती जिंदगियां, आधुनिक भारत में अंधविश्वास का खौफनाक सच



प्रगति के कई सोपान पार करने के बावजूद भारत में अंधविश्वास की जड़ें गहरी हैं। इस देश की यह ऐसी स्याह तस्वीर है, जिसकी आमतौर पर अनदेखी की जाती रही है। आए दिन जादू-टोने के अंधविश्वास में निर्दोष लोगों की हत्या कर दी जाती है। यों देश के सभी हिस्सों से इस तरह की घटनाएं सामने आती रही हैं, लेकिन पिछले कुछ समय के दौरान बिहार, झारखंड और असम में हुई ऐसी कई घटनाओं ने व्यापक चिंता पैदा की है। गौरतलब है कि असम के कार्बी आंगलोंग जिले में मंगलवार रात हुई घटना ने एक बार फिर सबको झकझोर दिया है। वहां एक गांव के कुछ लोगों ने जादू-टोना किए जाने के संदेह में घर में घुस कर एक दंपति पर पहले धारदार हथियारों से हमला किया, फिर उनके घर में आग लगा दी। इससे पति-पत्नी की जल कर मौत हो गई।

ग्रामीण इलाकों में जादू-टोने या डायन होने का आरोप लगा कर अक्सर महिलाओं को सार्वजनिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है और कई बार उन्हें मार भी दिया जाता है। हालांकि शहर भी अंधविश्वासों से मुक्त नहीं हैं। यह एक ऐसी सामाजिक बुराई है, जो विकास के आधुनिक पैमानों को मुंह चिढ़ाती है, लेकिन इसके निवारण के लिए कभी ईमानदार इच्छाशक्ति नहीं दिखाई गई। हैरानी की बात यह है कि जिस दौर में देश और दुनिया तकनीक के क्षेत्र में चरम विकास के दौर में है, उसमें महज वहम या अंधविश्वास की वजह से कई लोग अपने परिवार के लोगों के बीमार होने पर डाक्टर से इलाज कराने के बजाय उसे किसी जादू-टोने का नतीजा मानते हैं। विकास के तमाम दावों के बीच यह हकीकत है कि देश में वैज्ञानिक चेतना के प्रसार को लेकर सरकारें कभी गंभीर नहीं रहीं। जबकि देश में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने का दायित्व संवैधानिक तौर पर भी दर्ज है। इस जिम्मेदारी का निर्वाह करने के बजाय सरकारें किसी घटना विशेष के संदर्भ में कानून की सीमा में कदम उठाती हैं, लेकिन व्यापक स्तर पर वैज्ञानिक चेतना निर्माण को लेकर कोई ठोस योजना जमीन पर नहीं दिखती। अलग-अलग राज्यों में इस मसले पर बने कानून हैं, मगर लोगों के भीतर सोच के स्तर पर गहरे तक बैठा अंधविश्वास कानूनों के असर को बेमानी बना देता है।

## विशेष आलेख

# आस्था कोई भी हो मगर इंसान अच्छा हो

यदि हिंदू हूं तो अच्छा हिंदू बनूं, मुसलमान हूं तो बेहतर मुसलमान बनूं, ईसाई हूं तो अच्छा ईसाई बनूं। और यह अच्छा होने का मतलब है अच्छा इंसान होना। अच्छा इंसान यानी वह जो अपनी आस्था में पूरा विश्वास रखने के बावजूद दूसरे की आस्था का भी सम्मान करें।

लगभग दो दशक पुरानी बात होगी। हमारे समय के एक महत्वपूर्ण संगीतकार खैयाम साहब के साथ कुछ समय बिताने का अवसर मिला था। दूरदर्शन पर एक कार्यक्रम की रिकॉर्डिंग के बाद लौट रहे थे हम। उस कार्यक्रम में जो वे नहीं कह पाये थे, वही सब बता रहे थे वे। मेरी भूमिका तो सिर्फ श्रोता की थी। अचानक वह बोलते-बोलते रुक गये। कार की खिड़की से दायीं ओर देख रहे थे वे। उनके दोनों हाथ जुड़ गये थे। सिर झुक गया था उनका। मैंने देखा हमारी कार मुंबई के प्रसिद्ध सिद्धिविनायक मंदिर के सामने से गुजर रही थी।

'आपके धर्म में तो मूर्तिपूजा मना है,' मैंने अनायास ही जैसे उनसे पूछ लिया। वे मुस्कुराये, 'आदत है,' उन्होंने कहा। और फिर इसके बाद हम हिंदू-मुस्लिम संबंधों पर बात करने लग गये थे। आज जब मैं यह लिख रहा हूं, अचानक मुझे खैयाम की यह बात याद आ गयी। इसके साथ ही एक और बात भी याद आ रही है। मेरी बेटी कान्वेंट स्कूल में पढ़ी हुई है। स्कूल छोड़े उसे दशकों बीत गये। पर अब भी जब वह अपने बचपन के स्कूल के सामने से गुजरती है तो अनायास उसके हाथ 'क्रॉस' बनाने की मुद्रा में हरकत करने लगते हैं। और अपनी बात करूंङ्क मंदिर, मस्जिद, चर्च या गुरुद्वारे के सामने से गुजरते हुए मेरा सर भी, जैसे अपने आप झुक जाता है। और मैं यह भी जानता हूं कि पूजागृहों के प्रति यह रवैया सिर्फ खैयाम, मेरी बेटी, या मेरा ही नहीं हैङ्क हम जैसे न जाने कितने हैं जो ऐसा करते हैं। और यह सब अनायास हो जाता है। लेकिन कैसे?

इस सवाल का जवाब तो यही है कि ऐसा करने के लिए किसी ने हमें कहा नहीं। मैंने अपनी बेटी से यह कभी नहीं कहा कि वह ऐसा किया करे। आप चाहें तो इसे संस्कारों का परिणाम कह सकते हैं। यह तो संभव है कि मैंने बेटी से कभी यह कहा हो कि सब धर्म समान होते हैं, पर मुझे याद नहीं पड़ता मैंने कभी उसे समान मानने के लिए भी कहा हो। कम से कम मेरी तरफ से ऐसा कोई दबाव बच्चों पर नहीं डाला गया। मेरे माता-पिता ने भी कभी ऐसा कोई दबाव हम भाई-बहनों पर नहीं डाला।

उस दिन सिद्धिविनायक मंदिर के सामने से गुजरते हुए खैयाम साहब का अनजाने में ही सिर झुकाना भी किसी दबाव का परिणाम नहीं था। उन्होंने बताया था कि वे न जाने कब से ऐसा करते आ रहे हैं, और यह भी बताया था उन्होंने कि 'पूजागृह के सामने सिर झुकाता हूं तो ऐसा लगता है जैसे कोई आशीर्वाद का हाथ मेरे सिर पर धरा गया है।'

सच है, आशीर्वाद का यह अहसास मंदिर, मस्जिद, चर्च, या गुरुद्वारा, सब देते हैं। और सब धर्मों का आदर करना हमारी संस्कृति का हिस्सा है। सर्व धर्म समभाव की संस्कृति है हमारी। हमारा धर्म, यानी हिंदू धर्म, हमें यह सिखाता है कि चाहे ईश्वर कहें या खुदा, गॉड कहें या एक ओंकार, अलग-अलग रास्ते हो सकते हैं, पर पहुंचते



सभी एक ही जगह हैंङ्कपहुंचाते सभी एक ही जगह हैं हमें यह अलग-अलग रास्ते!

जैन धर्म का एक सिद्धांत हैङ्क अनेकांत वाद। यह विचार हमें समझाता है कि मैं सही हूं, पर तुम भी सही हो सकते हो। इतनी-सी बात यदि हम समझ लेते हैं तो फिर कोई विवाद बचता ही नहीं है। ईश्वर एक है फिर मेरा ईश्वर तुम्हारे ईश्वर से भिन्न या बेहतर कैसे हो सकता है? बस इतनी-सी बात समझने की आवश्यकता है कि हमारा अलग-अलग धर्म का होना एक संयोग मात्र है। मैं किसी एक धर्म में विश्वास करने वाले परिवार में पैदा हुआ इसमें मेरा कोई योगदान नहीं है। मेरे माता-पिता हिंदू थे, इसलिए मैं भी हिंदू हो गया, वे मुसलमान होते तो मैं आरती की जगह नमाज़ पढ़ रहा होता। इस संदर्भ में मेरी कोई भूमिका हो सकती है तो वह यही है कि यदि हिंदू हूं तो अच्छा हिंदू बनूं, मुसलमान हूं तो बेहतर मुसलमान बनूं, ईसाई हूं तो अच्छा ईसाई बनूं। और यह अच्छा होने का मतलब है अच्छा इंसान होना। अच्छा इंसान यानी वह जो अपनी आस्था में पूरा विश्वास रखने के बावजूद दूसरे की आस्था का भी सम्मान करें।

**नयी शिक्षा नीति के समक्ष मौजूद कानूनी बाधाएं**-यहीं गड़बड़ हो रही है। हम अपनी आस्था की चिंता तो करते हैं पर दूसरे की आस्था को कुछ नहीं समझते। इसी का परिणाम है कि आज पंथ-निरपेक्षता में विश्वास करने वाले हमारे भारत में धर्म के नाम पर आये दिन झगड़े-फसाद होते रहते हैं। हमारा संविधान हर भारतीय को अपनी आस्था के अनुसार धार्मिक क्रिया-कलाप की स्वतंत्रता का अधिकार देता है। यही नहीं, हमारा संविधान हमें अपनी आस्था अपने धर्म के प्रचार-प्रसार का भी अधिकार देता है।

शर्त सिर्फ यह है कि कोई नागरिक अपने अधिकार की सीमाओं को न लांघे। ये सीमाएं भी परिभाषित हैं हमारे संविधान मेंङ्क सब नागरिक समान हैं, कोई नागरिक किसी दूसरे को अपने धर्म की ओर आकृष्ट करने के लिए किसी प्रकार का लालच अथवा दबाव काम में नहीं ले सकता। पर अक्सर हम अपनी सीमाओं का अतिक्रमण कर जाते हैंङ्कऔर इसके लिए दोषी दूसरे को ठहराते हैं। धर्म के नाम पर आज जो गड़बड़ियां हो रही हैं, वे इसी अतिक्रमण का परिणाम हैं। ऐसे ही अतिक्रमण का उदाहरण इस बार क्रिसमस के अवसर पर दिखा। देश के अलग-अलग हिस्सों में चर्चों पर, ईसाइयों पर दुर्भाग्यपूर्ण प्रतिक्रिया हुई। दंगा करने वाले को यह भी स्वीकार नहीं था कि सांताक्लाज की टोपियां बेचकर कोई अपना पेट भरने के लिए कुछ कमा ले। हद तो यह भी हुई कि चर्चों के सामने जाकर हनुमान चालीसा का पाठ किया गया! क्रिसमस के आयोजनों के संदर्भ में हुए विवाद और झगड़े हैरान भी करते हैं और दुखी भी। एक ओर तो हमारे प्रधानमंत्री क्रिसमस के अवसर पर चर्च में जाकर ईसाइयों की पूजा-अर्चना में भाग लेते हैं, धार्मिक भाईचारे का संदेश देने का प्रयास करते हैं, और दूसरी ओर कुछ कथित धार्मिक संगठन क्रिसमस के रंग में भंग डालने का खुलेआम अपराध करते हैं। ऐसे कुकृत्य के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं, जिन्हें देखकर हर विवेकशील नागरिक को शर्म आ जाये। शर्म आनी चाहिए कहना, ज़्यादा सही होगा।

हमारा भारत, बहुधर्मी है, बहु जातीय और बहुभाषी भी। यह विविधता हमारी विशेषता ही नहीं, हमारी ताकत भी है। इस विविधता पर अभिमान होना चाहिए हमें। पर धर्म के नाम पर जिस तरह एक-दूसरे को नीचा दिखाने या कम भारतीय समझने की गतिविधियां हो रही हैं, उन्हें देखकर सिर्फ यही कहा जा सकता है कि 'हे ईश्वर, ये नहीं जानते कि ये क्या कर रहे हैं, इन्हें क्षमा कर देना'।

ईश्वर तो क्षमा कर भी देगा, पर हमारी अपनी चेतना जब तक हमें बेहतर मनुष्य बनने के लिए प्रेरित नहीं करेगी, हम सही अर्थों में इंसान नहीं बन सकते। अब हमें तय करना होगा कि हम बेहतर इंसान बनना चाहते हैं या नहीं।

## आज का राशिफल

### मेष

कार्यसिद्धि होगी। निवेश लाभदायक रहेगा। व्यापार-व्यवसाय में मनोनुकूल लाभ होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। निवेश शुभ रहेगा। व्यस्तता रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

### वृष

दौड़धूप अधिक होगी। बेवजह तनाव रहेगा। किसी व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। मेहनत अधिक व लाभ कम होगा। किसी व्यक्ति के उकसाने में न आएं। शत्रुओं की पराजय होगी।

### मिथुन

घर-परिवार में सुख-शांति रहेगी। योजना फलीभूत होगी। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। पुराना रोग उभर सकता है। कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है।

### कर्क

भाग्य का साथ मिलेगा। व्यस्तता रहेगी। प्रमाद न करें। कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति निर्मित होगी। समय पर कर्ज चुका पाएंगे। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न तथा संतुष्ट रहेंगे।

### सिंह

दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। अपने काम पर ध्यान दें। लाभ होगा। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

### कन्या

कानूनी अड़चन दूर होगी। जल्दबाजी से हानि संभव है। थकान रहेगी। कुसंगति से बचें। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें।

### तुला

समय की अनुकूलता का लाभ मिलेगा। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य कमजोर रह सकता है।

### वृश्चिक

विरोधी सक्रिय रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। मित्रों की सहायता कर पाएंगे। आय में वृद्धि होगी। शेयर मार्केट से लाभ होगा। जल्दबाजी न करें। निवेश शुभ रहेगा। पूजा-पाठ में मन लगेगा।

### धनु

निवेश शुभ फल देगा। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। स्थायी संपत्ति से बड़ा लाभ हो सकता है। घर-परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी, ध्यान रखें।

### मकर

अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा। शत्रुभय रहेगा। घर-परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। चोट व दुर्घटना से बड़ी हानि हो सकती है।

### कुंभ

नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। निवेश में सोच-समझकर हाथ डालें। प्रेम-प्रसंग में जोखिम न लें। व्यापार में लाभ होगा। शत्रु पस्त होंगे। विवाद में न पड़ें। अपेक्षाकृत कार्य समय पर होंगे। प्रसन्नता रहेगी।

### मीन

घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। व्यवसाय में ध्यान देना पड़ेगा। व्यर्थ समय न गंवाएं। आय में निश्चितता रहेगी। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। फालतू खर्च होगा। विवाद को बढ़ावा न दें।

## स्वास्थ्य समाचार

# रोजाना मेडिटेशन करने से ब्रेन में धीरे-धीरे दिखते हैं यह खास बदलाव

मेडिटेशन या ध्यान एक ऐसी प्रक्रिया है जो जीवन में एक ठहराव लाती है जिससे संरेखण और पुनर्संरेखण की प्रणाली को समझने में मदद मिलती है। यदि हम मेडिटेशन के बारे में स्पष्टता हासिल करना चाहते हैं तो यह हमारे विकास के लिए चमत्कार कर सकती है। यदि आप तनावग्रस्त हैं और निरंतर चिंता की स्थिति में ध्यान गेम चेंजर हो सकता है जो हमें शांति और आनंद की स्थिति की ओर बढ़ने में मदद करता है।

### विकास के लिए

जब ठहराव का अनुभव होता हैं और बढ़ना चाहते हैं, तो मेडिटेशन हमारी सफलता और सीखने में तेजी लाने में मदद करती है। मेडिटेशन का मूल उद्देश्य विकास सकारात्मकता उत्पादकता और प्रगति है। मेडिटेशन मस्तिष्क पर एक शक्तिशाली प्रभाव डालता है क्योंकि यह हमें खुद से बात करने में मदद करता है। मेडिटेशन स्वयं से एक मजबूत संबंध स्थापित करता है। आत्म-चर्चा की इस प्रक्रिया के माध्यम से व्यवहार, जीवन शैली, विचारों और आदतों के संदर्भ में अपने लिए परिवर्तन



ला सकते हैं। स्वास ध्यान, स्थिर ध्यान और त्राटक ध्यानजैसी मेडिटेशन तकनीकें मस्तिष्क का पूर्ण उपयोग करती हैं और मस्तिष्क रसायन विज्ञान में परिवर्तन लाती हैं जिससे जीवन जीने के तरीके में बदलाव आता है।

### हीलिंग और तसल्ली

मेडिटेशन योग के उन उपकरणों में से एक है जो मन को शांत करता है और इसमें एक शक्तिशाली उपचार क्षमता होती है। मेडिटेशन विचार प्रक्रियाओं को ढालने का अभ्यास है ताकि यह केवल अच्छाई की ओर ले जाए। विचारों को उत्पादकता और विकास की ओर ले जाने से जीवन शक्ति और ऊर्जा मजबूत होती है।

### नर्वस सिस्टम पर मेडिटेशन का प्रभाव

मेडिटेशन को हार्मोन और न्यूरोट्रांसमीटर जैसे डिहाइड्रोएपि-एंड्रोस्ट्रोन, कोर्टिसोल, सेरोटोनिन, मेलाटोनिन और एपिनेफ्रीन को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करने के लिए माना जाता है। मेडिटेशन की प्रक्रिया शरीर में एक ठहराव लाती हैं। इससे हृदय गति में सुधार होता है, चयापचय में कमी आती है, रक्तचाप कम होता है, श्वास में सुधार होता है और मस्तिष्क तरंगें होती हैं। ऐसे अध्ययन किए गए हैं जो बताते हैं कि कैसे ध्यान के दौरान मस्तिष्क सेरोटोनिन में वृद्धि होती है। सेरोटोनिन को हैप्पी हार्मोन भी कहा जाता है और यह मूड नियमन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए जाना जाता हैं।

### मेडिटेशन की विभिन्न तकनीकें

जैसे शरीर के विभिन्न हिस्सों और संबंधित मसल्स समूहों पर काम करने के लिए शरीर को विभिन्न प्रकार के एक्सरसाइज की आवश्यकता होती है, वैसे ही मस्तिष्क के कार्यों से संबंधित विशिष्ट परिणामों के लिए अलग-अलग मेडिटेशन तकनीकें होती हैं। सुपरपावर मेडिटेशन जैसी ध्यान तकनीक एक शक्तिशाली तकनीक है जो हमारी रचनात्मकता और उद्देश्य पर काम करती है। दूसरी ओर स्वास ध्यान जैसी तकनीकों का मन और शरीर पर बहुत ही शांत प्रभाव पड़ता है। श्वास ध्यान का उपयोग सांस पर ध्यान केंद्रित करने के लिए किया जाता है जो बदले में चिंता, तनाव, डिप्रेशनआदि जैसी किसी भी मानसिक गड़बड़ी को समाप्त करता है। इसलिए, विभिन्न लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए मस्तिष्क में परिवर्तन लाने के लिए ध्यान में कई तरह की तकनीकें शामिल हैं।

# बच्चे को पेशाब न आने पर अपनाएं यह घरेलू उपाय, जल्द दूर होगी समस्या

बच्चों को देखभाल की बहुत आश्यकता होती है। उसे अक्सर कुछ-न-कुछ समस्याएं लगी ही रहती है। कभी बच्चों को अधिक पेशाब आने लगती है तो कभी उनको पेशाब न आने की परेशानी हो जाती है। छोटे होने की वजह से बच्चा अपनी परेशानी को किसी के साथ बता भी नहीं पाता है। लेकिन, बच्चा ऐसे कई संकेत देता है, जिनसे मां या अभिभावक ये समझ सकते हैं कि बच्चे को किसी तरह की परेशानी हो रही है। जिस तरह से बच्चे का अधिक पेशाब आना परेशानी का कारण हो सकता है, ठीक उसी तरह से बच्चे का कम पेशाब आना भी परेशानी की ओर इशारा करता है। ऐसे में अभिभावको घबराना नहीं चाहिए। बल्कि, उन्हें धैर्य से काम लेते हुए डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए।

**यूरिनरी ट्रैक्ट में बाधा उत्पन्न होना :** बच्चे के मूत्र मार्ग में रुकावट तब होती है जब उसकी किडनी से पेशाब बाहर नहीं आता है। ये समस्या बच्चे की एक या दोनों किडनी को प्रभावित कर सकती हैं। इस समस्या में बच्चे को पेशाब न आने या पेशाब बाहर आने में समस्या हो सकती है।

**पानी की कमी होना :** बच्चे के शरीर में पानी कमी होना या उसे डिहाईड्रेशन की समस्या होने पर उसको पेशाब न आने की परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। बच्चे को उल्टी, दस्त या अन्य रोग में पानी की कमी होने पर उसको पेशाब नहीं आती है।

**दवाओं की वजह से :** कई मामलों में यदि बच्चा पहले से ही दवा ले रहा है तो उसको दवा के प्रभावों की वजह से भी पेशाब न आने की



परेशानी हो सकती है। उच्च रक्तचाप की दवाएं, ड्यूरेटिक्स और एंटी इंफ्लेमेट्री दवाओं की वजह से भी बच्चे को पेशाब न आने की समस्या हो सकती है।

**बच्चे को पेशाब न आने पर क्या करें :** यदि आपके बच्चे को पेशाब नहीं आ रही है तो ऐसे में आपको सबसे पहले अपने डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए। डॉक्टर बच्चे की स्थिति को समझकर उसे बेस्ट ट्रीटमेंट दे सकते हैं। लेकिन जब तक आप डॉक्टर के पास नहीं जाती हैं तो इस स्थिति में आप घर पर भी कुछ उपायों को आजमा सकती हैं।

**हींग का करें प्रयोग :** बच्चे को पेशाब न आने पर आप कुछ घरेलू नुस्खों को अपना सकती हैं। यदि आपका बच्चा दो साल से अधिक है और उसको ये परेशानी हो रही है तो इस स्थिति में आप उसकी नाभि पर भिगी हुई हींग को रूई की मदद से कुछ देर के लिए रख दें। ध्यान दें कि हींग का अधिक इस्तेमाल न करें। क्योंकि इससे भी कई तरह के नुकसान होते हैं। थोड़ी सी हींग को रूई में लगाएं।

# नाक बहने और जुकाम से छुटकारा पाने के लिए ऐसे करें लौंग के तेल का इस्तेमाल

लौंग का इस्तेमाल आमतौर पर भारतीय घरों में मसाले के रूप में किया जाता है। लेकिन इसमें मौजूद औषधीय गुण सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। लौंग में मौजूद औषधीय गुण कई गंभीर समस्याओं में उपयोगी होते हैं। लौंग में एंटी फंगल और एंटी ऑक्सीडेंट समेत एंटी बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं। लौंग में मौजूद गुणों के कारण इसका इस्तेमाल कई तरह की आयुर्वेदिक दवाओं को बनाने में भी किया जाता है। सर्दी-जुकाम और खांसी की समस्या में भी लौंग का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है। लौंग के तेल का इस्तेमाल करने से आपको इन्फेक्शन, सर्दी-खांसी समेत ई गंभीर समस्याओं में बहुत फायदा मिलता है। नाक बहने की समस्या में भी लौंग के तेल का इस्तेमाल बहुत उपयोगी माना जाता है।

**नाक बहने की समस्या में लौंग के तेल के फायदे :** लौंग के तेल में मौजूद एंटी फंगल और एंटी बैक्टीरियल गुण शरीर की कई समस्याओं में उपयोगी होते हैं। इसमें मौजूद यूजेनॉल और फ्लेवोनोइड कई गंभीर परेशानियों से छुटकारा दिलाने में उपयोगी माने जाते हैं। सर्दी-खांसी और जुकाम की समस्या में भी लौंग के तेल का इस्तेमाल बहुत उपयोगी होता है। लौंग के तेल को गर्म करके मालिश करने से कई गंभीर परेशानियों से निजात पाने में फायदा मिलता है। नाक बहने की समस्या में लौंग के तेल का इस्तेमाल बहुत उपयोगी होता है। अगर आप भी लंबे समय से सर्दी-जुकाम या किसी अन्य परेशानी के कारण नाक बहने की समस्या से परेशान हैं, तो लौंग का तेल आपके लिए बहुत उपयोगी है। लौंग में मौजूद गुण इन्फेक्शन से छुटकारा दिलाने के साथ ही सांस से जुड़ी परेशानियों में भी बहुत फायदेमंद होते हैं। लौंग के तेल का इस्तेमाल करने से आप सांस से जुड़ी गंभीर समस्या जैसे अस्थमा आदि से भी छुटकारा पा सकते हैं।

**नाक बहने पर लौंग के तेल का इस्तेमाल कैसे करें :** नाक बहने की समस्या में लौंग के तेल का औषधीय इस्तेमाल पुराने समय से किया जा रहा है। लौंग के तेल में कई ऐसे गुण होते हैं, जो इन्फेक्शन समेत सांस से जुड़ी परेशानियों में बहुत उपयोगी माने जाते हैं। नाक बहने या सर्दी-जुकाम की समस्या में लौंग के तेल को हल्का गुनगुना करके नाक में 2-2 बूंद दिन में दो से तीन बार डालना बहुत फायदेमंद होता है। नियमित रूप से कुछ दिनों तक इसका इस्तेमाल करने से आपको बहुत फायदा मिलेगा।



# नगर कांग्रेस कमेटी की बैठक संपन्न

निसं



**सिंघाना ( नवयत्न )।** नगर कांग्रेस कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन कांग्रेस कार्यालय, सिंघाना में किया गया। बैठक का आयोजन माँ सावित्रीबाई फुले की जयंती के अवसर पर किया गया, जिसमें कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केक काटकर जयंती मनाई एवं उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के दौरान भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर भी सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर सामाजिक न्याय, समानता एवं शिक्षा के क्षेत्र में दोनों महान विभूतियों के योगदान को स्मरण किया गया। बैठक की अध्यक्षता नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डी.पी. सैनी ने की। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने कहा कि सावित्रीबाई फुले और डॉ. आंबेडकर के विचार आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक हैं और कांग्रेस पार्टी सदैव उनके सिद्धांतों पर चलते हुए वंचित एवं पिछड़े वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष करती रही है। बैठक में आगामी नगर निकाय चुनावों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर चुनाव लड़ने, संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने तथा जनसमस्याओं को प्रमुख मुद्दा बनाकर जनता के बीच जाने की रणनीति पर सहमति जताई। कार्यकर्ताओं ने संगठनात्मक मजबूती, आपसी समन्वय और अनुशासन के साथ चुनावी मैदान में उतरने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का मंच संचालन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष पवन अग्रवाल ने किया। मंडल अध्यक्ष बाबुलाल कालोडिया ने सभी कार्यकर्ताओं से पार्टी की नीतियों को जन.जन तक पहुंचाने और संगठन के निर्देशों का पालन करते हुए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। नगर कांग्रेस कमेटी की बैठक में नगर अध्यक्ष डीपी सैनी, मंडल अध्यक्ष बाबूलाल कालोडीया, ब्लॉक उपाध्यक्ष पवन अग्रवाल, ब्लॉक सचिव नरेंद्र शर्मा दीनदयाल जैदिया, नगर उपाध्यक्ष लकी शर्मा, इकबाल खान, पिंटू भार्गव, नगर महासचिव राजेश मीणा रवि मीणा, सचिव सत्यवीर गजराज, ब्लॉक संगठन मंत्री रविंद्र रॉकी, कार्यकारिणी सदस्य महेश सैनी, ओम प्रकाश, राजू गराटी विक्रम सिंह, हवा सिंह, मीणा समाज अध्यक्ष सुभाष मीणा, महिपाल मीणा, भूपेंद्र सैनी, राहुल सैनी, मनदीप, सुनील सैनी, नरेश सैनी आदि उपस्थित रहे।

# सिंधी कवि सम्मेलन लफ्जनि जो मेलो का आयोजन

निसं




**जयपुर ( नवयत्न )।** सिंधी सेंट्रल एसोसिएशन एवं राजस्थान सिंधी अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में राज्य स्तरीय सिंधी कवि सम्मेलन लफ्जनि जो मेलोष् का आयोजन रविवार को जवाहर नगर सेक्टर-5 स्थित श्री झूलेलाल मंदिर परिसर में किया गया। सम्मेलन में प्रदेशभर से आए ख्यातिप्राप्त सिंधी कवियों ने अपनी श्रेष्ठ रचनाओं का पाठ कर साहित्य प्रेमियों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री अमरापुर के संत मोनू राम साहिब एवं मुकेश साध द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। एसोसिएशन अध्यक्ष रतन ऐलानी एवं अकादमी सचिव डॉ. रजनीश हर्ष ने बताया कि कवियों ने सामाजिक सरोकारएसिंधी संस्कृति, देशभक्ति, शृंगार, हास्य-व्यंग्य और भक्ति रस की कविताओं के माध्यम से श्रोताओं को साहित्य से जोड़ा। सम्मेलन के संयोजक तुलसी संगतानी ने बताया कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को सिंधी भाषा एवं साहित्य से जोड़ना तथा समाज में साहित्यिक चेतना को प्रोत्साहित करना रहा। प्रसिद्ध साहित्यकार भगवान अटलानी ने कहा कि हमें अपनी मातृभाषा सिंधी पर गर्व करना चाहिए। बाहर की भाषाएं हम धन खर्च कर सीखते हैं, जबकि मातृभाषा सीखने में कुछ भी खर्च नहीं होता। सिंधी भाषा सीखकर सिविल सेवाओं और शिक्षण जैसे क्षेत्रों में भी अवसर प्राप्त किए जा सकते हैं। जयपुर के वरिष्ठ कवि खेमचंद गोकलानी ने अपने बिछड़े सिंध को याद करते हुए भावपूर्ण कविताएं प्रस्तुत कीं। उन्होंने कहा कि अपनों को अपने अच्छे नहीं लगतेए अपनों को गैर अच्छे लगते हैं। वहीं हरीश कर्मचंदानी ने देशभक्ति से ओतप्रोत कविता में कहा-हर नौजवान का होता है सपना, मजबूत हिंदुस्तान का होता है सपना। डॉ. माला कैलाश ने मानवीय संवेदनाओं को छूती कविता खामोशियां सुनती हैं, तो लगता है कि कोई तो है जो बोल रहा है, प्रस्तुत की। डॉ. रूपा मंगलानी ने देशभक्ति का संदेश देती रचना श्उथो हिन्द जा अगवानु उथो, भारत जो जय जय गान लिखो सुनाकर श्रोताओं में उत्साह भर दिया।

# मादक पदार्थ सप्लाई करने वाला तस्कर गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** आमेर थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम जयपुर उत्तर ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी करने वाले एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से 106 ग्राम 05 मिलीग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक जब्त की है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित झालावाड़ से जयपुर में मादक पदार्थ की सप्लाई करने आया है। फिलहाल आरोपित तस्कर से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करण शर्मा ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत आमेर थाना पुलिस और डीएसटी उत्तर ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी करने वाले दानमल तंवर निवासी अकलेरा जिला झालावाड़ को बिलाल मजिस्द फतेपुरी फार्म हाउस ठाठर आमेर से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस को तलाशी में उसके पास 106 ग्राम 05 मिलीग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक और इलेक्टानिक कांटा मिला है, वहीं जब्त की गई स्मैक की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत लाखों रुपए आंकी गई है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि आरोपित यह स्मैक बनवारी तंवर निवासी अकलेरा जिला झालावाड़ से लेकर जयपुर में सप्लाई करना स्वीकार किया है। पुलिस आरोपित से अवैध मादक पदार्थ स्मैक की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ कर रही है।

# राज्य बीमा पॉलिसी परिपक्वता दावे समय पर प्रस्तुत करने के निर्देश

सपना शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** संयुक्त निदेशक, राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग सीकर सरिता सैनी ने बताया कि समस्त राज्य कर्मचारी जिनका जन्म 1 अप्रैल 1966 से 31 मार्च 1967 के मध्य हुआ है, उनके जीवन पर जारी राज्य बीमा की पॉलिसी एक अप्रैल 2026 को भुगतान के लिए परिपक्व होने जा रही है। उन्होंने बताया कि ऐसे समस्त राज्य कर्मचारी अपने परिपक्वता दावे से संबंधित समस्त आवश्यक दस्तावेज नियत समय पर ऑनलाईन प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। इसके अंतर्गत पदस्थापन विवरण के लिए परिशिष्ट क, दोनों ओर से मूल राज्य बीमा पॉलिसी, बीमा पासबुक, रिकार्ड बुक, कैन्सिल चैक अथवा बैंक पासबुक के प्रथम पृष्ठ की प्रति, बीमेदार द्वारा बढ़ाई गई अंतिम बीमा कटौती से संबंधित अधिक घोषणा पत्र आदि दस्तावेज कर्मचारी द्वारा अपनी स्वयं की एसएसओ आईडी के माध्यम से एसआईपीएफ न्यू 3.0 पोर्टल पर 20 जनवरी 2026 तक अनिवार्य रूप से अपलोड कर ऑनलाईन भिजवाए जाने हैं ताकि स्वत्व राशि के भुगतान की कार्यवाही नियत समय पर की जा सके। समस्त आहरण एवं वितरण अधिकारियों से अपेक्षा की गई है कि वे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को इस संबंध में आवश्यक निर्देश एवं मार्गदर्शन प्रदान करते हुए शत-प्रतिशत ऑनलाईन आवेदन भिजवाया जाना सुनिश्चित करें। इस संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी अथवा पूछताछ के लिए संयुक्त निदेशक राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग सीकर के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

# सावित्री बाई फुले के देश में दिए योगदान को किया रेखांकित



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** देश की प्रथम महिला शिक्षिका व महान समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले की जयंती के अवसर पर शेखावाटी सैनी समाज और वी.एस कॉन्सेप्ट के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शेखावाटी सैनी समाज के अध्यक्ष विक्रम सिंह चोबदारए वीएएस कॉन्सेप्ट के निदेशक विकास सिंह चोबदार मौजूद रहे। उन्होंने बच्चों के साथ मिलकर दीप प्रज्वलित किया और सावित्रीबाई फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। अध्यक्ष विक्रम सिंह चोबदार ने अपने संबोधन में सावित्रीबाई फुले के जीवन और उनके शिक्षा के क्षेत्र में किए गए संघर्षों पर प्रकाश डाला। विकास सिंह चोबदार ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें सावित्रीबाई फुले के आदर्शों को अपने जीवन में उतारना चाहिए। उन्होंने बच्चों को नियमित अध्ययन करने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में एडवोकेट बुद्धि प्रकाश प्रजापत, सरोज देवी चोबदार, एडवोकेट मधु चोबदार, रिद्धिमा प्रजापत, सोनाक्षी स्वामी, मानवी, सोफिया, कुलदीप, संजय, नवीन, आदित्य, अक्षत, मंजीत, शुभम, दशरथ आदि मौजूद रहे।

# मुकेश दाधीच का किया सम्मान




निलेश मुद्गल

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच का उनके जन्मदिवस पर चांदपोल जयपुर स्थित दधिमती माता मंदिर में पूजा अर्चना कर उनका झुंझुनू जिला भाजपा एव विप्र फाउंडेशन की तरफ से स्वागत अभिनंदन किया गया। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष एव विप्र फाउंडेशन जिलाध्यक्ष कमल कान्त शर्मा ने बताया कि जयपुर में आयोजित समारोह में मुकेश दाधीच का माला, दुपट्टा, साफा पहनाकर व अष्टधातु निर्मित भगवान परशुराम की प्रतिमा भेंट कर भाजपा नेता विश्वंभर पूनिया व विप्र फाउंडेशन जिला संयोजक उमाशंकर महमिया की अगुवाई में स्वागत अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर भाजपा पूर्व जिला महामंत्री सरजीत चौधरी, प्रधान रोहिताश्व धांगड़, पुरुषोत्तम खाजपुरिया, महेश बसावतिया, भाजपा नगर उपाध्यक्ष विकाश पुरोहित, विफा तहसील अध्यक्ष अनिल जोशी, अभिषेक जोशी मंड्रेला, सुधीर चाहर, सुमेर कड़वासरा, जगदीश सैनी सहित भाजपा एवं विप्र फाउंडेशन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# नृत्यम फाउंडेशन की नई कार्यकारिणी घोषित



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** नृत्यम फाउंडेशन की बैठक रविवार को अलाईन योगा स्टूडियो, स्वेज फार्म रोड, सोडाला में आयोजित की गई। बैठक में फाउंडेशन की नई कार्यकारिणी का गठन करते हुए विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों की सर्वसम्मति से नियुक्ति की गई। नियुक्तियों के तहत काजल सैनी को नृत्यम फाउंडेशन का संस्थापक नियुक्त किया गया। मीनाक्षी जयसवाल को मुख्य संरक्षक, जबकि संतोष जाखड़ और सुमन सैनी को संरक्षक पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। अर्चना भार्गव को उपाध्यक्ष तथा एस.एन. माली को सचिव नियुक्त किया गया। इसके अतिरिक्त सुनिता सैनी एवं सरिता सैनी को संयुक्त सचिवए रेणु सैनी को कोषाध्यक्ष तथा किशोरी जाट और इंदिरा सैनी को सदस्य मनोनीत किया गया। बैठक में नवनियुक्त पदाधिकारियों ने नृत्य, कला एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के संरक्षण, संवर्धन और प्रसार के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। साथ ही संगठन को अधिक सक्रियए सशक्त और प्रभावी बनाने को लेकर भावी कार्ययोजना पर भी विचार-विमर्श किया गया।

# जयपुर कॉमिक कॉन का भव्य आगाज

## अंतर्राष्ट्रीय सितारों से सजा जेईसीसी




निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मारुति सुजुकी एरीना द्वारा प्रस्तुत और क्रंचीरोल के सहयोग से आयोजित जयपुर कॉमिक कॉन के पहले संस्करण की ऐतिहासिक शुरुआत रविवार को जयपुर एग्जबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर जेईसीसी में हुई। नॉडविन गेमिंग द्वारा आयोजित यह आयोजन राजस्थान सरकार की एवीजीसी नीति के अंतर्गत समर्थन के साथ राज्य की प्रमुख पहल डिजीफेस्ट के साथ आयोजन हुआ। पहले दिन कॉमिक कॉन में पॉप कल्चर का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। इस दौरान अंतरराष्ट्रीय स्तर के दो प्रतिष्ठित कॉमिक बुक कलाकारों की मौजूदगी रही। मार्वल की सोर्सरर सुप्रीम और डीसी की मंकी प्रिंस के सह-निर्माता बर्नार्ड चांग तथा ईस्नर-नामांकित और शस्टर अवॉर्ड विजेता कनाडाई कलाकार यानिक पाक्केट ने प्रशंसकों से संवाद किया। दोनों कलाकारों ने अपनी रचनात्मक यात्राए कला शैली और कहानी कहने के अनुभव साझा किएए जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। जयपुर कॉमिक कॉन के उद्घाटन संस्करण में 13 प्रसिद्ध भारतीय कॉमिक बुक लेखकों और चित्रकारों के साथ इंटरैक्टिव मीट-एंड-ग्रीट सत्र भी आयोजित किया गया। इनमें साविया मस्कारेन्हास अमर चित्र कथा, फैसल मोहम्मद गार्बेज बिन कॉमिक्स और आलोक शर्मा इंडसवर्स प्रमुख रहे, जिन्होंने भारतीय कॉमिक्स और कहानी कहने की समृद्ध परंपरा पर प्रकाश डाला। इस आयोजन में राजस्थान के 14 उभरते स्थानीय रचनाकारों को भी मंच दिया गया। राइजिंग एवीजीसीएक्सआर एंड मीडिया एसोसिएशन रामा राजस्थान के सहयोग से आदित्य वैष्णव, अभिलाषा भारतीया, विभूति पांड्या और समृद्धि काविया सहित युवा कलाकारों के कार्य प्रदर्शित किए गए। विशेष पैनल चर्चा में इन कलाकारों ने अपनी रचनात्मक यात्रा और संघर्ष की कहानियां साझा कीं। कॉस्प्ले प्रेमियों के लिए भी पहला दिन बेहद खास रहा। डेमोन स्लेयर के अकाजाए सोलो लेवलिंग के सुंग जिन-वूए जुजुत्सु कैसेन के तोजी फुशिगुरो, कॉल ऑफ ड्यूटी के घोस्ट, परसोना 5 रॉयल के इज़ानागी-नो-ओकामी सहित द जोकर, हैरी पॉटर, वेडनेसडे और आयरन मैन जैसे लोकप्रिय किरदारों ने आयोजन को रंगीन बना दिया। मनोरंजन के लिहाज से कॉमिक कॉन कॉमेडी शोकेस आकर्षण का केंद्र रहा, जहां इंदर सहानी ने दर्शकों को खूब हंसाया। इसके बाद नाम सुजल की हाई-एनर्जी लाइव परफॉर्मेंस ने माहौल में जोश भर दिया। गीक फ्रूट द्वारा प्रस्तुत संगीत उत्सव ने भी दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। गेमिंग प्रेमियों के लिए रॉयल चैलेंज पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर बूथ पर देश के प्रसिद्ध गेमिंग यूट्यूबर स्काउट तनमय सिंह के साथ फैन मीट-एंड-ग्रीट आयोजित हुआ। वहीं चौलेंजर गेमिंग जोन में वीआर क्रिकेट अनुभव ने युवाओं को खासा आकर्षित किया। इस अवसर पर कॉमिक कॉन इंडिया की सीईओ शेफाली जॉनसन ने कहा कि जयपुर में पहली बार कॉमिक कॉन का आयोजन उनके लिए भावनात्मक और खास अनुभव है। उन्होंने कहा कि जयपुर की कला, संस्कृति और कल्पनाशील विरासत को यह आयोजन आगे बढ़ाता है और आने वाली पीढ़ी के रचनाकारों को प्रेरित करेगा। वर्कशॉप्स, पैनल चर्चाएं, गेमिंग एक्सपीरियंस, मर्चेंडाइज जोन और क्रिएटर्स के साथ संवाद के माध्यम से जयपुर कॉमिक कॉन पॉप कल्चर प्रेमियों के लिए यादगार अनुभव बनता जा रहा है।

# नर्सिंग के भविष्य को सजाने का महोत्सव : अभ्युदय 2026

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** श्री राधा रमन नर्सिंग कॉलेज में अभ्युदय 2026 कार्यक्रम में फ्रेशर्स वेलकम एंड ओथ टेकिंग सेरिमनी व खेलकूद प्रतियोगिता का समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में आरएएस मुकेश कलाल, उपसचिव राज्यपाल ओर रजिस्ट्रार राजस्थान नर्सिंग काउंसलिंग जॉआईस कुरीन उपस्थित रही। इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन आईएएस ओपी सैनी व मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. चेतन सैनी ने विद्यार्थियों को जीवन में योग व ध्यान के महत्व को बताते हुए जीवन को संतुलित बनाए रखने के लिए बताया व विद्यार्थियों के भविष्य के लिए उज्जवल कामना की। इस अवसर पर नर्सिंग में प्रवेशित नये विद्यार्थियों को हिंदी भाषा में शपथ दिलाई। संस्था के प्रधानाचार्य महेंद्र दादरवाल ने बताया कि एक सप्ताह से चल रही विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेताओं को पुरुस्कार प्रदान किए गए।

# वादाखिलाफी पर भड़के कर्मचारी : संभागों में प्रदर्शन का ऐलान

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राज्य सरकार द्वारा कर्मचारियों की लंबित मांगों को लगातार अनदेखी किए जाने से अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत में भारी आक्रोश व्याप्त है। इसी क्रम में महासंघ की प्रदेश कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को प्रदेश कार्यालय केन्द्रीय मुद्रणालय जयपुर में आयोजित की गई। बैठक महासंघ के संरक्षक कुलदीप यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सरकार के उपेक्षापूर्ण रवैये की कड़ी आलोचना करते हुए कर्मचारियों की वर्षों से लंबित मांगों पर चर्चा की गई। महासंघ ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि सरकार ने समय रहते समस्याओं का समाधान नहीं किया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रदेशाध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा कि बैठक में संविदा, प्लेसमेंट एवं मानदेय पर कार्यरत कर्मियों के नियमितीकरण के लिए स्थायी नीति बनाने की मांग प्रमुखता से उठाई गई। इसके साथ ही सभी कैडरों में समान पदोन्नति अवसर सुनिश्चित करने, लंबित डीपीसी को तत्काल संपन्न कराने तथा सचिवालय के समान अन्य अधीनस्थ व मंत्रालयिक कर्मचारियों को भी भत्ते देने की मांग रखी गई। साथ ही आरजीएचएस कैशलेस इलाज योजना की खामियों पर भी गंभीर चिंता जताई गई। महासंघ ने योजना के तहत दवाओं की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित करने और निजी अस्पतालों में आ रही तकनीकी समस्याओं का स्थायी समाधान करने की मांग की। इसके अलावा सरकार और खेमराज समिति द्वारा वेतन विसंगतियों को दूर करने के वादों से मुकरनेए बजट घोषणाओं की वादा-खिलाफी तथा सेवानिवृत्ति के समय जीपीएफ, राज्य बीमा सहित अन्य देयकों का भुगतान नहीं होने पर तीखा विरोध दर्ज कराया गया।

भरतपुर संभाग से आए प्रतिनिधियों ने आरजीएचएस योजना के तहत कर्मचारियों के कथित गलत निलंबन का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। बैठक में तकनीकी, मंत्रालयिक, अधीनस्थ, वाहन चालक, महिला एवं बाल विकास, होमगार्ड, मेडिकल, आईटी, शिक्षक संघ एकीकृत, जनता जल योजनाए रसोइया-चौकीदार, फार्मासिस्ट एवं सहायक कर्मचारी संघ सहित अनेक संगठनों ने अपनी लंबित समस्याएं महासंघ के समक्ष रखीं। प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान में सरकार की लगातार शिथिलता को देखते हुए सर्वसम्मति से प्रदेशव्यापी आंदोलन का निर्णय लिया गया है। आंदोलन के प्रथम चरण में संभाग स्तर पर विशाल धरने आयोजित कर सरकार को चेताने का कार्य किया जाएगा। इस बैठक में प्रदेशाध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़, संरक्षक कुलदीप यादव, महामंत्री मोहनलाल शर्मा सहित प्रमुख कर्मचारी नेता बहादुर सिंह, शेर सिंह यादव, सर्वेश्वर शर्मा, अजयवीर सिंह, प्रहलाद अग्रवाल, ओमप्रकाश श्रीमाली, प्रदीप गर्ग,



मधुबाला शर्मा, रंजीत मीणा, छोटे लाल मीणा, राजेंद्र प्रसाद शर्मा, ओमप्रकाश चौधरी, उमेश शर्मा, झलकन सिंह राठौड़, बजरंग सिंह शेखावत, नाथू सिंह गुर्जर, शशि शर्मा, अशोक भंडारी, धूल सिंह, देवी सहाय वर्मा, तिलक चंद शर्मा, सुभाष यादव, योगेश शर्मा, सीताराम धाभाई, वीरेंद्र यादव, शहीदुदीन, रामनिवास जाटव, तेज प्रकाश चतुर्वेदी, चंद्रभान चौधरी, अनिश अहमद, लक्ष्मीनारायण, गुलाब सिंह, सुरेश नारायण शर्मा, प्रताप सिंह, गुलशन बागोरिया, नरेंद्र शर्मा सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी नेता उपस्थित रहे।

# चेहरे पर इन तरीकों से लगाएं प्याज के छिलके, दाग-धब्बों से मिलेगा छुटकारा

अकसर हम सभी प्याज का उपयोग सलाद, सब्जी या फिर चटनी आदि के रूप में करते हैं। इसके लिए आप प्याज को छीलते हैं और फिर इसके छिलके को फेंक देते हैं। लेकिन प्याज के छिलके को बेकार समझकर फेंकना बिल्कुल नहीं चाहिए। क्योंकि प्याज का छिलका सेहत और बालों के साथ ही स्किन के लिए भी काफी अच्छा साबित हो सकता है। दरअसल, प्याज के छिलकों में विटामिन ए, विटामिन सी और विटामिन ई पाए जाते हैं। ऐसे में ये सभी विटामिन्स स्किन के लिए काम करते हैं। प्याज के छिलकों से स्किन के दाग-धब्बों, मुहांसों और इंफेक्शन आदि को दूर करने में मदद मिल सकती है।



### स्किन के लिए प्याज के छिलकों के फायदे

- प्याज के छिलके चेहरे के दाग-धब्बों को दूर करने में असरदार साबित हो सकते हैं।
- प्याज के छिलकों को चेहरे पर लगाने से डेड स्किन सेल्स रिमूव हो सकते हैं। इससे स्किन क्लियर होगी, ग्लोइंग बनेगी।
- प्याज के छिलकों में एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं, जो बैक्टीरिया को नष्ट कर सकते हैं। इससे चेहरे की सूजन में भी आराम मिल सकता है।
- प्याज के छिलके खुजली क कम कर सकते हैं। इसमें एंटी फंगल गुण होते हैं। इससे खुजली और जलन में आराम मिल सकता है।
- प्याज के छिलके चेहरे के मुहांसों, ब्लैकहेड्स और व्हाइटहेड्स को भी रिमूव करने में असरदार साबित हो सकते हैं।

## स्किन पर प्याज के छिलके कैसे लगाएं?

### प्याज के छिलकों का पेस्ट

आप प्याज के छिलकों का पेस्ट बना लें। इसके लिए आप प्याज के छिलके हैं। इन्हें मिक्सी में बारीक पीस लें और फिर इसे अपने चेहरे पर लगाएं। 10-15 मिनट बाद चेहरे को ताजे पानी से धो लें। लेकिन अगर आपको प्याज के छिलकों का पेस्ट लगाने से खुजली, रेडनेस या जलन होती है, तो इसे तुरंत रिमूव कर दें।

### प्याज का छिलका और ओटमील

आप प्याज के छिलकों के साथ ओटमील मिलाकर भी अपने चेहरे पर लगा सकते हैं। इसके लिए आप सबसे पहले प्याज के छिलकों का पेस्ट बना लें। अब इसमें ओटमील डालें। इसे अपने चेहरे पर लगाएं और हल्के हाथों से स्क्रबर करें। 2-3 मिनट बाद चेहरे को ताजे पानी से धो लें और फिर मॉइश्चराइज कर लें।

### 3. प्याज का छिलका और हल्दी

आप प्याज के छिलकों और हल्दी फेस पैक भी लगा सकते हैं। इसके लिए आप सबसे पहले प्याज के छिलकों का पेस्ट बना लें। इसमें चुटकी भर हल्दी डालें और फिर अपने चेहरे पर लगाएं। 15 मिनट बाद चेहरे को ताजे पानी से धो लें। इससे आपकी स्किन में निखार आएगा, दाग-धब्बों से छुटकारा मिलेगा। साथ ही बैक्टीरियल इंफेक्शन आदि से भी बचाव होगा।

# जाड़े के मौसम में स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभकारी है बथुआ

ठंड का मौसम वास्तव में आपकी सेहत के लिए बेहद अच्छा माना जाता है। दरअसल, इस मौसम में आपको कई तरह की हरी पत्तेदार सब्जियां खाने का मौका मिलता है और यह तो हम सभी जानते हैं कि हरी सब्जियां सेहत के लिए कितनी लाभकारी हैं। इन हरी पत्तेदार सब्जियों में एक है बथुआ। सर्दियों में लोग अक्सर बथुआ को कभी रायता तो कभी परांठे के रूप में खाते हैं।



### अमीनो एसिड्स से भरपूर

बथुआ के पत्तों में अमीनो एसिड की उच्च मात्रा पाई जाती है। अमीनो एसिड्स शरीर के लिए बेहद जरूरी माने जाते हैं, क्योंकि यह कोशिका निर्माण और कोशिका की मरम्मत के लिए आवश्यक हैं।

### फाइबर में उच्च

आमतौर पर हम फाइबर की महत्ता को शरीर के लिए समझ नहीं पाते, लेकिन यह आपके लिए बेहद जरूरी है। दरअसल, यह आपको लंबे समय तक फुल रखता है, जिसके कारण आप ओवर ईटिंग से बच जाते हैं। साथ ही फाइबर पाचन तंत्र के लिए भी बेहद लाभदायक माना जाता है। बथुआ में भी फाइबर प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। ऐसे में आपको इसका सेवन जरूर करना चाहिए।

### कम कैलोरी

अगर आप हेल्थ कॉन्शियस हैं, तब भी आप बथुआ का सेवन बेहद आसानी से कर सकते हैं। दरअसल, अन्य सभी हरी सब्जियों की तरह, बथुआ में कैलोरी काफी कम पाई जाती है। 100 ग्राम बथुआ से आपको लगभग 43 कैलोरी की मिलती है।

### लिवर के लिए लाभदायक

अगर आप बथुआ को अपनी डाइट का हिस्सा बनाते हैं तो इससे आपके लिवर को भी काफी लाभ प्राप्त होता है। इसका अंदाजा आप इसी बात से लगा सकते हैं कि इसे ब्लड प्यूरिफायर के रूप में जाना जाता है। यह आपके लिवर को टॉक्सिन्स से बचाने में आपकी मदद करेगा।

### मिलते हैं माइक्रोन्यूटिएंट्स

बथुआ में कैल्शियम, पोटेशियम, मैग्नीशियम और विटामिन ए, सी और बी 6 से भरपूर होता है। ये सभी सूक्ष्म पोषक तत्व आपके शरीर की कार्यप्रणाली को सुचारू रूप से कार्य करने में

# मैदा की रोटी खाने से सेहत को हो सकते हैं ये नुकसान

मैदा स्वाद में जितना अच्छा लगता है, सेहत के लिए यह उतना ही हानिकारक होता है। आजकल हम सभी किसी न किसी रूप में मैदा का सेवन कर ही रहे हैं। कोई पिज्जा, समोमा, व्हाइट ब्रेड से मैदा ले रहा है, तो कोई बिस्किट आदि के जरिए मैदा खा रहा है। वहीं, कई लोग तो मैदा की पूड़ी और रोटी बनाकर भी खाना पसंद करते हैं। लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि मैदा से बनी रोटियों को खाने से आपकी सेहत को कोई भी विटामिन्स और मिनरल्स नहीं मिल पाते हैं। आपको बता दें कि मैदा को रिफांइड फ्लो के रूप में भी जाना जाता है। इसमें फाइबर बिल्कुल नहीं होता है। जिससे यह आंतों को गंभीर नुकसान पहुंचा सकता है। अगर आप भी मैदा की रोटी खाते हैं, तो इससे आज की खाना छोड़ दें।




### पाचन से जुड़ी समस्याएं

अगर आप मैदा की रोटी खाते हैं, तो इससे आपको पाचन से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। दरअसल, मैदा में फाइबर नहीं होता है। इसलिए शरीर इसको आसानी से पचा नहीं पाता है, इससे मैदा आंतों पर चिपक जाता है और पाचन क्रिया को बाधित करता है। मैदा की रोटी खाने से आपको गैस, कब्ज और एसिडिटी जैसी समस्याओं से परेशान होना पड़ सकता है। अगर नियमित रूप से मैदा की रोटी खाई जाती है, तो आंतों को गंभीर नुकसान पहुंच सकता है। मैदा आंतों की बीमारियों का भी एक मुख्य कारण बन सकता है। मैटा आपके सिस्टम को कंजस्ट कर देता है और इससे मेटाबॉलिज्म भी धीमा पड़ सकता है।

### वजन बढ़ने का खतरा

मैदा की रोटी खाने से आपके पाचन तंत्र को नुकसान पहुंच सकता है। साथ ही मैदा की रोटी मेटाबॉलिज्म को भी धीमा कर सकती है। अगर आप अधिक मात्रा में मैदा की रोटी खाते हैं, तो इससे आपका मेटाबॉलिज्म प्रभावित हो सकता है, इससे आपके द्वारा खाए गए भोजन का पाचन होना मुश्किल हो सकता है। ऐसे में आपका वजन बढ़ सकता है। नियमित रूप से मैदा खाने से व्यक्ति मोटापे का भी शिकार हो सकता है।

### डायबिटीज का जोखिम


मैदा की रोटी खाने से डायबिटीज होने का जोखिम भी काफी बढ़ सकता है। दरअसल, मैदा में ग्लाइसेमिक इंडेक्स अधिक होता है, इससे सूजन हो सकती है और डायबिटीज के लक्षण विकसित हो सकते हैं। आपको बता दें कि हाई जीआई होने के कारण मैदा ब्लड में शुगर को छोड़ता है, इससे ब्लड शुगर का स्तर बढ़ने लगता है। इसलिए अगर आपको डायबिटीज है, तो आपको मैदा से पूरी तरह से परहेज करना चाहिए। आपको मैदा की रोटी के साथ ही पिज्जा, बर्गर, समोसा आदि का भी सेवन नहीं करना चाहिए। इसके बजाय आप गेहूं, रागी के आटे से बनी रोटी खा सकते हैं, इनमें फाइबर अधिक होता है। साथ ही जीआई भी कम होता है।

### इम्यूनिटी को कमजोर बनाए

मैदा की रोटी आपके शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर बना सकती है। आपको बता दें कि अधिक मात्रा में मैदा का सेवन करने से एड्रेनल पर दबाव पड़ सकता है। इससे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो सकती है। इतना ही नहीं मैदा में किसी भी प्रकार के विटामिन्स या मिनरल्स नहीं पाए जाते हैं, ऐसे में इससे आपको पोषण नहीं मिल पाता है और आपकी इम्यूनिटी बूस्ट नहीं हो पाती है।

### कोलेस्ट्रॉल का स्तर बढ़ाए

मैदा की रोटी खाने से आपको हृदय रोग होने का जोखिम भी बढ़ सकता है। अगर आप अधिक मात्रा में मैदा का सेवन करते हैं, तो इससे आपके शरीर में कोलेस्ट्रॉल का स्तर बढ़ सकता है। इसके अलावा स्ट्रोक समेत हृदय से जुड़े अन्य रोग होने की संभावना भी बढ़ सकती है। अपने हृदय को हेल्दी बनाए रखने के लिए आपको मैदा खाने से परहेज करना चाहिए।



# त्वचा पर बेबी ऑयल लगाने से हो सकते हैं ये नुकसान, प्रयोग करने का सही तरीका

बच्चों की नाजुक त्वचा के लिए बेबी ऑयल काफी फायदेमंद माना जाता है। बेबी ऑयल को नेचुरल इंग्रीडिएंट्स के साथ बनाया जाता है। बेबी ऑयल में मिनरल ऑयल के साथ-साथ नारियल तेल, विटामिन ए, विटामिन ई, जोजोबा तेल, एलोवेरा और शहद जैसे नेचुरल इंग्रीडिएंट्स मौजूद होते हैं। यह त्वचा पर मॉइस्चर को लॉक करके, उसे मुलायम बनाता है। इसके साथ ही, बेबी ऑयल पैराबेंस, फेथथलेट्स और आर्टिफिशियल कलर्स से मुक्त होता है। सेंसिटिव स्किन वालों के लिए बेबी ऑयल फायदेमंद माना जाता है। इसीलिए कई लोग इसे अपने स्किन केयर रूटीन में भी शामिल करना पसंद करते हैं। बेबी ऑयल त्वचा को एक सूदिंग इफेक्ट प्रदान करता है। इसे स्किन पर लगाने से त्वचा में ग्लो आता है। बेबी ऑयल में विटामिन ई भरपूर मात्रा में मौजूद होता है, जो स्किन के लिए फायदेमंद है। कई लोग अपनी स्किन पर बेबी ऑयल अप्लाई करते हैं। कई लड़कियां बेबी ऑयल को मेकअप रिमूवर के तौर पर भी इस्तेमाल करती हैं। लेकिन कुछ लोगों के लिए बेबी ऑयल का इस्तेमाल नुकसानदायक भी हो सकता है।

**एलर्जी की समस्या :** वैसे तो बेबी ऑयल सभी स्किन टाइप के लिए अच्छा माना जाता है। लेकिन सेंसिटिव स्किन पर बेबी ऑयल अप्लाई करने से एलर्जिक रिएक्शन हो



सकते हैं। इससे स्किन पर रैशेज, रेडनेस या खुजली की समस्या हो सकती है। बेबी ऑयल को स्किन पर लगाने से पहले एक बार पैच टेस्ट जरूर कर लें।

**एक्ने की समस्या :** आमतौर पर सभी बेबी ऑयल नॉन-कॉमेडोजेनिक होते हैं, यानी वे स्किन पोर्स को क्लॉग नहीं करते हैं। लेकिन जिन लोगों की स्किन ज्यादा ऑयली होती है या जिन लोगों को अक्सर एक्ने की समस्या होती है, उन्हें बेबी ऑयल के इस्तेमाल से ब्रेकआउट हो सकता है। बेबी ऑयल में मौजूद मिनरल ऑयल आपके स्किन पोर्स को क्लॉग कर सकता है। इससे एक्ने की समस्या हो सकती है।

**ऑयली स्किन की समस्या :** त्वचा पर बेबी ऑयल के इस्तेमाल से ऑयली स्किन की समस्या हो सकती है। जिन लोगों की स्किन पहले से ही ऑयली है, उन्हें बेबी ऑयल का इस्तेमाल कम से कम करना चाहिए। गर्मी के मौसम में भी बेबी ऑयल का ज्यादा इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। इससे आपका चेहरा चिपचिपा और ग्रीसी नजर आ सकता है। अगर आप गर्मियों में बेबी ऑयल का इस्तेमाल कर रहे हैं, तो इसे चेहरे पर अप्लाई करने के बाद अच्छी तरह मसाज करें। इसके बाद गर्म टॉवल से स्टीम लें। ऐसा करने से स्किन ऑयली नजर नहीं आएगी।

**स्किन पर कैसे अप्लाई करें बेबी ऑयल :** अगर आप चेहरे पर बेबी ऑयल लगाना चाहते हैं, तो सबसे पहले अपने चेहरे को फेस वॉश से धो लें। इससे आपके चेहरे पर मौजूद धूल-मिट्टी और गंदगी दूर होगी। फिर चेहरे को टॉवल से पैट ड्राई करें और इसके बाद चेहरे पर बेबी ऑयल लगाएं। त्वचा पर बेबी ऑयल लगाने के बाद हल्के हाथों से मसाज जरूर करें। वैसे तो आप त्वचा पर बेबी ऑयल किसी भी समय अप्लाई कर सकते हैं। लेकिन आपको बेबी ऑयल रात के समय अप्लाई करना चाहिए। दरअसल, रात के समय स्किन रिपेयरिंग मोड में होती है। इस समय बेबी ऑयल अप्लाई करने से त्वचा को अतिरिक्त नरिश्मेंट मिलता है। अगली सुबह उठकर आप फेस को धो लें। ध्यान रखें कि कभी भी स्किन पर बेबी ऑयल लगाकर बाहर न निकलें। ऐसा करने से धूल और गंदगी आपकी त्वचा पर चिपक जाएगी।

# सर्दियों में रहते हैं पैर दर्द से परेशान? इन घरेलू उपायों से मिलेगी राहत

सर्दियों के मौसम में कई लोगों को पैरों में दर्द की शिकायत हो जाती है। ठंड बढ़ने पर यह समस्या काफी अधिक बढ़ जाती है। सर्दियों में शरीर में ब्लड सर्कुलेशन कम होने लगता है, जिसकी वजह से पैरों की मांसपेशियों में सूजन आने लगती है और दर्द होने लगता है। वहीं, सर्दियों में हमारे शरीर की मूवमेंट भी काफी कम हो जाती है, जिसके कर्म मांसपेशियों का लचीलापन कम हो जाता है। इससे जोड़ों में खिंचाव पैदा होने के कारण पैरों में दर्द होने लगता है। सर्दियों में कई बार पैरों का दर्द इतना ज्यादा बढ़ जाता है कि चलने-फिरने तक में भी परेशानी होती है। ऐसे में ज्यादातर लोग दर्द से राहत पाने के लिए पेन किलर्स का सहारा लेते हैं। लेकिन, इनसे लंबे समय में सेहत को नुकसान पहुंच सकता है। ऐसे में आप कुछ घरेलू उपायों की मदद से पैरों के दर्द से छुटकारा पा सकते हैं।



### सरसों का तेल

अगर आप सर्दियों में पैरों के दर्द से परेशान रहते हैं, तो सरसों के तेल का इस्तेमाल कर सकते हैं। सरसों के तेल से पैरों की मालिश करने से पैरों के दर्द से छुटकारा मिल सकता है। इसके लिए सरसों के तेल को गर्म करें और उसमें आधा चम्मच अजवाइन डालें। उसके बाद इस तेल को अच्छी तरह से खौला लें। जब तेल हल्का गुनगुना हो जाए, तो इससे पैरों की मालिश करें। ऐसा करने से पैरों के दर्द में काफी राहत मिलेगी।

### गर्म सिंकाई

सर्दियों में पैरों के दर्द से राहत पाने के लिए आप गर्म सिंकाई भी कर सकते हैं। इसके लिए एक बाल्टी में गर्म पानी लें। इसमें एक चम्मच सेंधा नमक मिला लें। अब इस बाल्टी में पैरों को डालकर बैठ जाएं। इस पानी से 10 से 15 मिनट तक पैरों की सिंकाई करें। गर्म सिंकाई करने से मांसपेशियों के दर्द और सूजन से राहत मिलेगी।

### एप्पल साइडर विनेगर

एप्पल साइडर विनेगर यानी सेब का सिरका दर्द को कम करने में मदद करता है। सेब के सिरके में प्रचुर मात्रा में पोटेशियम पाया जाता है, जो पैरों के दर्द को दूर करने में मदद करता है। इसके लिए एक बाल्टी में गर्म पानी लें। इसमें दो चम्मच सेब का सिरका डालें। अब इसमें पैरों को 5 से 10 मिनट तक डुबों कर रखें। ऐसा करने से आपको पैरों के दर्द और सूजन से आराम मिलेगा।

### हल्दी


हल्दी एक नेचुरल पेन किलर है। हल्दी में एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटीसेप्टिक और एंटीबायोटिक गुण पाए जाते हैं, जो दर्द और सूजन को कम करने में मदद करते हैं। सर्दियों में पैरों के दर्द से छुटकारा पाने के लिए आप गर्म दूध में हल्दी डालकर पी सकते हैं। इसके अलावा, आप दर्द वाले हिस्से पर हल्दी के तेल से मसाज भी कर सकते हैं। हल्दी के प्रयोग से आपको पैरों के दर्द से जल्द राहत मिलेगी।

### अदरक

अदरक का इस्तेमाल आपको दर्द और सूजन से राहत दिला सकता है। अदरक में एंटी-इन्फ्लेमेंटरी गुण पाए जाते हैं, जो मांसपेशियों के दर्द, सूजन और एंठन को दूर करते हैं। अगर सर्दियों में आपके पैरों के दर्द रहता है, तो एक गिलास पानी में एक टुकड़ा अदरक का डालकर गर्म कर लें। फिर इसे छान लें और इसमें एक चम्मच शहद मिलाकर पी जाएं। अदरक की चाय का सेवन दर्द को दूर करने में काफी कारगर घरेलू नुस्खा है।

# इन तरीकों से चेहरे पर लगाएं बेसन, मिलेगी निखरी-बेदाग त्वचा

ग्लोइंग स्किन पाना हर किसी की चाहत होती है। लेकिन आजकल गलत खानपान, अनियमित जीवनशैली, प्रदूषण, तनाव आदि के कारण स्किन संबंधी कई समस्याएं होने लगती हैं। केमिकल युक्त प्रोडक्ट या गलत प्रोडक्ट का इस्तेमाल करने से भी त्वचा का निखार कम होने लगता है और स्किन डल और बेजान नजर आने लगती है। ऐसे में ग्लोइंग स्किन पाने के लिए आप बेसन का इस्तेमाल कर सकते हैं। त्वचा के लिए बेसन का उपयोग सदियों से किया जाता रहा है। बेसन हमारी त्वचा के लिए बहुत फायदेमंद होता है। बेसन में एंटी-इन्फ्लेमेटरी, एंटीबैक्टीरियल और एंटीऑक्सीडेंट्स गुण होते हैं। बेसन चेहरे की रंगत निखरता है और त्वचा को ग्लोइंग बनाता है। बेसन से चेहरे के कील, मुंहासे और दाग-धब्बों से छुटकारा मिलता है। कई लोगों के मन में यह सवाल होता है कि ग्लोइंग स्किन पाने के लिए चेहरे पर बेसन कैसे लगाएं?



**बेसन और हल्दी :** आप अपने चेहरे पर बेसन और हल्दी लगा सकते हैं। इसके लिए आप दो चम्मच बेसन लें। इसमें चुटकीभर हल्दी और नींबू का रस डालें। अब इसे अच्छी तरह से मिक्स कर लें। अब आप इसे अपने चेहरे पर लगाएं और 15 मिनट बाद चेहरे को पानी से धो लें। आप हफ्ते में 2 से 3 बार बेसन और हल्दी को चेहरे पर लगा सकते हैं। इससे एक्ने और मुंहासों से छुटकारा मिल सकता है। चेहरे पर बेसन और हल्दी का फेस पैक लगाने से दाग-धब्बे दूर होते हैं और चेहरे पर निखार आता है।

**बेसन और शहद :** ग्लोइंग स्किन पाने के लिए आप चेहरे पर बेसन और शहद लगा सकते हैं। इसके लिए आप दो चम्मच बेसन लें। फिर इसमें एक चम्मच शहद डालें। अब इन दोनों को अच्छी तरह से मिक्स कर लें।

अब आप इस फेस पैक को अपने चेहरे पर लगाएं। 15 से 20 मिनट बाद चेहरे को पानी से धो लें। हफ्ते में 2-3 बार बेसन और शहद को चेहरे पर लगाने से त्वचा की टैनिंग और दाग धब्बों से छुटकारा मिलेगा। इससे चेहरे की रंगत में भी सुधार होगा।

**बेसन और मलाई :** आप चेहरे पर बेसन और मलाई को मिक्स करके लगा सकते हैं। इसके लिए आप दो चम्मच बेसन लें। इसमें एक चम्मच मलाई, आधा चम्मच अखरोट पाउडर और कुछ बूंदे गुलाब जल की डालें। सभी चीजों को अच्छी तरह से मिक्स कर लें। अब इस पेस्ट को अपने पूरे चेहरे पर लगाएं। अब अपनी त्वचा को हल्के हाथों से स्क्रब करें।

लगभग 10 से 15 मिनट बाद चेहरे को गुनगुने पानी से धो लें। आप इस फेस पैक को हफ्ते में 2 से 3 बार लगा सकते हैं। बेसन और मलाई का कॉन्बिनेशन चेहरे की रंगत को निखारने में मदद कर सकता है। इससे त्वचा के दाग-धब्बे और स्किन ड्राईनेस की समस्या दूर होगी।

# वर्कआउट के बाद मांसपेशियों में दर्द और जकड़न से आराम दिलाएंगे ये घरेलू उपाय

फिट और हेल्दी रहने के लिए बॉडी को एक्टिव रखना बहुत जरूरी है। इसके लिए लोग जिम में वर्कआउट करते हैं और रनिंग व स्विमिंग जैसी एक्टिविटीज करते हैं। वर्कआउट करने के बाद ज्यादातर लोग मांसपेशियों में दर्द और जकड़न का अनुभव करते हैं। एक्सरसाइज करने के बाद हाथ-पैर, कंधे और कमर की मांसपेशियों में दर्द होना सामान्य है। दरअसल, ज्यादा इंटेन्स वर्कआउट करने की वजह से हमारे टिश्यूज़ में क्रैक आ जाता है, जिससे शरीर में दर्द होता है। इसके अलावा, अगर आप वर्कआउट के दौरान कोई ऑब्जेक्ट गलत तरीके से या गलत पोजीशन में उठाते हैं, तो इससे आपकी मांसपेशियों में दर्द और जकड़न हो सकती है।

यह दर्द अगले तीन-चार दिनों तक रह सकता है। लेकिन, कई बार इसे ठीक होने में ज्यादा समय लग सकता है। कई लोग मसल पेन के लिए पेनकिलर्स का सहारा लेते हैं।

**बॉडी की मसाज करें :** वर्कआउट के बाद मांसपेशियों में दर्द और जकड़न से निजात पाने के लिए बॉडी की मसाज करें। मसाज करने से शरीर में ब्लड सर्कुलेशन बढ़ेगा और मांसपेशियां रिलैक्स होंगी। आप मसाज करने के लिए सरसों का तेल, बादाम का तेल, टी ट्री ऑयल या नीलगिरि के तेल का इस्तेमाल कर सकते हैं। बॉडी की मसाज करने से आपको मसल्स पेन से जल्द राहत मिल सकती है।

**स्ट्रेचिंग करें :** भारी एक्सरसाइज करने की वजह से मांसपेशियां सख्त हो जाती हैं। इसलिए वर्कआउट शुरू करने से पहले और खत्म करने के बाद अपने शरीर को स्ट्रेच करना न भूलें। स्ट्रेचिंग करने से लचीलापन बढ़ता है और मांसपेशियों का तनाव कम करने में मदद मिलती है। वर्कआउट करने के बाद स्ट्रेचिंग करने से मांसपेशियों में दर्द कम होता है। इसके लिए आप अपने हाथ, पैर गर्दन और कंधे की हल्की स्ट्रेचिंग करें।

### प्रोटीन का सेवन करें

वर्कआउट के बाद मांसपेशियों के दर्द और ऐंठन से निजात पाने के लिए अपनी डाइट में प्रोटीन शामिल करें। प्रोटीन युक्त डाइट मांसपेशियों की क्षति को ठीक करने में मदद कर सकती है। यह मांसपेशियों के दर्द और ऐंठन को ठीक करने में मदद कर सकता है। इसके लिए आप अपनी डाइट में सोयाबीन, नट्स, अंडे और पनीर को शामिल करें।

# बाइक सवार बदमाशों ने महिला से की लूटपाट

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मानसरोवर थाना पुलिस के तीन कांस्टेबल ने अपनी अच्छी सुझबुझ और तकनीकी सहायता के आधार चैन स्नेचिग की वारदात का सात दिन में खुलासा करते हुए शातिर चैन स्नेचर को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस गिरफ्तार आरोपी से चेन लूट की वारदात में शामिल अन्य लोगों के बारे में गहनता से पूछताछ करने में जुटी है। संभावना जताई जा रही है कि गिरफ्तार आरोपियों से अन्य लूट की वारदात खुल सकती है। पुलिस ने चेन लूट के वारदात के काम में ली गई बाइक बरामद कर आरोपी के फरार साथी की तलाश शुरु कर दी है। डीसीपी साउथ राजर्षि राज ने बताया कि थाना इलाके में स्थित अहिन्या पार्क के पास रहने वाली हिना अपनी ननद प्रियंका के साथ 29 दिसम्बर को पार्क में घूमने के लिए गई थी। वाकिंग से फ्री होने के बाद जैसे ही पार्क से बाहर आई तो पार्क बाहर पहले से ही घात लगाए बैठे बाइक सवार बदमाश अनिल महावर निवासी टोडाभीम करौली हाल जगन्नाथपुरी शिप्रापथ ने कार में बैठते वक्त हीना के गले पर झपट्टा मार चेन तोड़ ली और पैदल ही मौके से दौड़ लगा दी। इसी दौरान पीछे से सांगानेर निवासी अमन बाइक लेकर आया और आरोपी अनिल को लेकर फरार हो गए।

### सात दिन में किया टीम ने वारदात का पर्दाफाश

बताया जा रहा है कि वारदात की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने विशेष टीम का गठन किया टीम में शामिल कांस्टेबल चंद्रपाल, मुकेश कुमार व डीएसटी टीम के दामोदर और रामलाल ने घटनास्थल का मौका मुआयना करने के बाद दर्जनों सीसीटीवी फुटेज खंगाले और तकनीकी सहायता के आधार चेन लूट की वारदात का पर्दाफाश करते हुए आरोपी अनिल महावर को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ के बाद वारदात के काम में ली गई मोटरसाइकिल जब्त कर ली है। पुलिस अमन की तलाश में कई जगहों पर दबिश दे चुकी है। फिलहाल पुलिस के हाथ कोई सफलता नहीं लगी है।

# ज्वेलरी शॉप में सेंधमारी कर अंदर घुसे बदमाश

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** नारायण विहार थाना इलाके में अज्ञात नकबजनों ने एक ज्वैलरी की दुकान पर अपना निशाना साधते हुए उसकी दीवार तोड़कर अंदर घुसे और लाखों रुपयों के सोने-चांदी की ज्वेलरी व नकदी लेकर फरार हो गए। पीड़ित को वारदात की जानकारी दूसरे दिन दुकान पहुंचने पर चली। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने एफएसएल टीम की सहायता से घटनास्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर नकबजनों की तलाश शुरु की। जांच अधिकारी एएसआई रामकरण ने बताया कि थाना इलाके में स्थित लवकुश नगर-फर्स्ट में रहने वाले मनोज कुमार सैनी 45 ने मामला दर्ज कराया है कि उसकी मांग्यावास रोड पर मां कृपा ज्वेलर्स के नाम से दुकान है। बुधवार रात को 9 बजे वो दुकान मंगल कर अपने घर चला गया था। देर रात अज्ञात नकबजन दुकान के जीने के नीचे की दीवार तोड़कर अंदर घुसे और दुकान में रखे लाखों रुपए के सोने-चांदी की गहने व हजारों की नकदी लेकर फरार हो गए। मामले की जानकारी मिलने क बाद पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश शुरु कर दी है।

# महल रोड गूंजेगा सैन्य शौर्य से : आर्मी डे परेड पहली बार खुले मैदान में

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** देश की सैन्य परंपरा में जयपुर एक नया इतिहास रचने जा रहा है। पहली बार आर्मी डे परेड सैन्य छावनी की सीमाओं से बाहर आयोजित की जाएगी। 15 जनवरी 2026 को मुख्य आर्मी डे परेड जगतपुरा स्थित महल रोड पर होगी, जिसमें सेना की आधुनिक शक्ति और शौर्य का भव्य प्रदर्शन देखने को मिलेगा। मुख्य परेड से पहले 9, 11 और 13 जनवरी को सुबह 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक परेड की रिहर्सल आयोजित की जाएगी। जिसे आम नागरिक भी देख सकेंगे। आयोजकों के अनुसार प्रत्येक रिहर्सल और मुख्य परेड में करीब डेढ़ लाख लोगों की सहभागिता रहने की संभावना है। गौरतलब है कि आर्मी डे परेड की तैयारियों के तहत 1 जनवरी से महल रोड पर अभ्यास शुरू हो चुका है। जो आयोजन दिवस तक जारी रहेगा। वहीं परेड की तैयारियों को देखते हुए 15 जनवरी तक प्रतिदिन सुबह 5 बजे से दोपहर 1 बजे तक एनआरआई चौराहा से बॉम्बे हॉस्पिटल चौराहा महल रोड, जगतपुरा तक यातायात डायवर्ट रहेगा। पुलिस प्रशासन ने आमजन से वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने की अपील की है। साथ ही 9, 11,13 और 15 जनवरी को सुबह 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक आम दर्शकों को आयोजन स्थल में प्रवेश की अनुमति रहेगी। दर्शकों के बैठने की व्यवस्था अक्षय पात्र मंदिर के सामने की गई है। विजिटर्स डी-मार्ट सर्किल की ओर से महावीर मार्ग एवं केंद्रीय विहार मार्ग के जरिए आयोजन स्थल तक पहुंच सकेंगे। वहीं इस आर्मी डे परेड में सेना की अत्याधुनिक सैन्य क्षमताओं का प्रदर्शन किया जाएगा। इसमें लड़ाकू विमानों और हेलीकॉप्टरों की फ्लाई-पास्ट, सैन्य टुकड़ियों का मार्च, टैंक, मिसाइल सिस्टम, ड्रोन तकनीक और अन्य आधुनिक हथियार शामिल रहेंगे। परेड में नेपाल आर्मी बैंड की भागीदारी भी विशेष आकर्षण होगी। आयोजन का उद्देश्य सेना और आम नागरिकों के बीच जुड़ाव को और मजबूत करना है। इसके अलावा 15 जनवरी को आर्मी डे के अवसर पर एसएमएस स्टेडियम में शौर्य संध्या 2026 का आयोजन किया जाएगा। जिसका पूर्वाभ्यास 10 जनवरी को होगा। इस कार्यक्रम में फर्स्ट डे कवर का विमोचन, शहीदों के परिजनों का सम्मान, परंपरागत युद्ध कलाओं का प्रदर्शन और ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित लाइट एंड साउंड शो शामिल रहेगा। इस दौरान करीब एक हजार ड्रोन का भव्य शो भी आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के शामिल होने की संभावना है। आम नागरिकों को सेना की कार्यप्रणाली और तकनीकी क्षमताओं से परिचित कराने के उद्देश्य से 8 से 12 जनवरी 2026 तक सीकर रोड स्थित भवानी निकेतन कॉलेज परिसर में नो योर आर्मी प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी।

# शातिर नकबजन गिरफ्तार

**जयपुर ( नवयत्न )।** चाकसू थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नकबजनी की वारदात करने वाले एक शातिर नकबजन को धर-दबोचा है और उसके पास से नकबजनी की दौरान चुराया गया सामान भी बरामद कर लिया गा है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व संजीव नैन ने बताया कि चाकसू थाना पुलिस ने तीन जनवरी को हुई नकबजनी के मामले में कार्रवाई करते हुए शातिर नकबजन चतरू सैनी निवासी चाकसू जयपुर को गिरफ्तार उसके पास से चोरी किए गए बिजली फिटिंग का सामान बरामद किए गए है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

# वाजपेयी के नेतृत्व में देश ने अनेक उपलब्धियां हासिल की : सिंह

सपना शर्मा




**सीकर ( नवयत्न )।** भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री व राज्यसभा सदस्य अरूण सिंह रविवार को सीकर प्रवास पर रहे। वे भाजपा कार्यालय में आयोजित एसआईआर, पीबीजी राम जी, विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण), संगठन सशक्तिकरण पखवाड़ा और अटल स्मृति वर्ष अभियान की कार्यशाला में मुख्य वक्ता थे। जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला में पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती, जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़, किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष हरिराम रणवां, पूर्व जिलाध्यक्ष इंद्रा चौधरी, मनोज सिंघानिया, पूर्व विधायक केडी बाबर, मधु कुमावत आदि मंचस्थ रहे। पदाधिकारियों ने माँ भारती व पार्टी के संस्थापकों के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके कार्यालय का शुभारंभ किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री व राज्यसभा सदस्य अरूण सिंह ने कहा कि भाजपा के संस्थापक रहे स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में देश ने अनेक उपलब्धियां हासिल की थी। कहा कि स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में भाजपा निरंतर आगे बढ़ती का काम किया। कहा कि अटलजी की सोच भारत को सशक्त, सक्षम व मजबूत बनाने की थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्व. वाजपेयी के इन्हीं सपनों को साकार करने का काम रहे हैं। कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता अटलजी के सपनों का भारत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने नरेगा में खड्डे खोदने का काम किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने संविधान में संशोधन करके पीबीजी राम जी नाम करके मजदूरों को अब 125 दिन को रोजगार तय करके उनका बेहतर भविष्य बनाने का काम किया है। अब इसी में नए तालाब, स्कूल, डिस्पेंसरियां, डेम आदि बनेंगे। कांग्रेस पर प्रहार करते हुए सिंह ने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय में नरेगा के समय काम ही नहीं हुआ था, प्रोजेक्ट बने ही नहीं, मनरेगा के नाम पर एक सड़क को कई बार बनाया गया। कहा कि कांग्रेस पार्टी नकारात्मक राजनीति करके भ्रम फैलाने में लगी हुई है, इसीलिए उसकी लगातार हार हो रही है और वह आज भी हार का ही सामना कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन में बेहतर कार्य किया जा रहा है। कहा कि राजस्थान में चल रहे एसआईआर में ध्यान से काम करने की जरूरत हैं। उन्होंने कहा कि राजनीति पार्टी नीति, नियत व कार्ययोजना को लेकर चुनाव जीतती है। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सरकारें अच्छा काम कर रही है।

अरूण सिंह के कार्यशाला में पहुंचने पर जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पार्टी का दुपट्टा, साफा व माला पहनाकर स्वागत किया। इससे पहले पार्टी कार्यालय पहुंचने पर रास्ते में जेसीबी के ऊपर से फूलों की बरसात करके व मुख्य द्वार पर बड़ी माला पहनाकर राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह का स्वागत किया गया। जिला मीडिया संयोजक जितेंद्र माथुर ने बताया कि इस दौरान रामावतार रूंथला, नेमीचंद कुमावत, बनवारीलाल यादव, पूर्णमल गुर्जर, प्रभुसिंह सेवद, रमेश जलधारी, सजन सैनी, सुमन वर्मा, श्रीहरि बियाणी, करण सिंह, सुल्तान खीचड़, राजकुमार महला, मुलचंद रणवां, प्रभुसिंह गोगावास, अनुराधा, कंचन अग्रवाल, अनिता शर्मा, स्वदेश शर्मा, सुरेश सैनी, मुस्ताक अहमद, दिनेश भादवासी, यश जलधारी, जयदीप रेपसवाल, जितेश शर्मा, जयदीप त्रिलोकपुरा, धनराज, त्रिभुवन सिंह, ओमेंद्र चारण, मनोज धाबाई, इंद्र शर्मा, परमेश्वर शर्मा, सुशील शर्मा, विजयपाल चिराणियां, सुभाष भामू, जितेंद्र सिंह मंढ़ा, मदन मावलिया, फूलचंद बाजिया, जितेंद्र बाजिया, नंदकिशोर सैनी, भंवरलाल जांगिड़, डॉ बीएल रणवां, वरूण कुशलेश शर्मा, मनोहरलाल सैनी, नरेंद्र कौशिक, गजेंद्र सिंह, भंवरी खोखर, सजन सिंह निर्वाण, सोनू सोनी, रामप्रसाद मिश्रा, प्रियंका बाजिया, भजनलाल टेलर, जावेद किरडोली, मदन जांगिड़ आदि मौजूद रहे।

# अखिल भारतीय बिजारणिया परिवार संघ का स्नेह मिलन आयोजित

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय बिजारणिया परिवार संघ का स्नेह मिलन कार्यक्रम इन्द्रगिरी आश्रम रोड़ स्थित जाट भवन में रविवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में किशनगढ़ विधायक विकास बिजारणिया ने कहा कि समाज में एकजुटता होनी आवश्यक है। क्योंकि आज सामाजिक, आर्थिक के साथ-साथ राजनीतिक प्रगति होनी भी आवश्यक है। कार्यक्रम मे तेजा सेना के अध्यक्ष श्रीराम बिजारणिया ने समाज के इतिहास को गौरवशाली बताते हुए कुरीतियों को दूर करने की अपील की। इस अवसर पर रावतसर से सार्दुल बिजारणिया, मुंडेल से बाबूलाल बिजारणिया, लोसल से रणवीर बिजारणिया, बजरंग बिजारणिया, गोपीराम तंवरा, खेमाराम हरनावा, रोहिताश पेफाना, गोगराज खूड, तिलोकचंद बीबीपुरा, फुलचंद, खेताराम, नंदलाल, मांगीलाल, मगाराम, ओमप्रकाश, विकास आदि मंचासीन रहे। घंटों तक चले कार्यक्रम में सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की गई।



कार्यक्रम में मुनालाल बिजारणिया, एडवोकेट बनवारीलाल बिजारणिया, भागीरथ बिजारणिया, महेंद्र, सहीराम बिजारणिया, तेजपाल बिजारणिया, भंवरलाल बिजारणिया आदि मौजूद रहे। कवि गोपाल बिजारणिया ने कहा कि रण को विजय करने वाले लोगों को बिजारणिया कहा गया है, इसलिए हमें अपने इतिहास पर गर्व करना चाहिए। कार्यक्रम में चूरू जिले सहित आस-पास के कस्बों से ही बिजारणिया परिवार के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में शामिल होने वाले सभी लोगों का तिलकार्चन के साथ स्वागत किया गया।

# समाज ने किया अनिता जांगिड़ का सम्मान



निसं

**पिलानी ( नवयत्न )।** भारतीय जनता पार्टी झुंझुनू जिला उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त होने पर अनिता जांगिड़ का जांगिड़ समाज की ओर से भव्य स्वागत व सम्मान किया गया। यह कार्यक्रम विश्वकर्मा सेवा समिति झुंझुनू के पदाधिकारियों द्वारा पिलानी में आयोजित किया गया। विश्वकर्मा सेवा समिति के अध्यक्ष जयराज जांगिड़ ने बताया कि यह पूरे जांगिड़ समाज के लिए गर्व का विषय है कि समाज की बेटी को भारतीय जनता पार्टी ने जिला कार्यकारिणी में महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है। उन्होंने कहा कि जांगिड़ समाज इस सम्मान के लिए भारतीय जनता पार्टी का आभारी रहेगा। स्वागत कार्यक्रम के दौरान सेवा समिति के संरक्षक राजेश जांगिड़ पूर्व जिला अध्यक्ष महासभा झुंझुनू, महेश जांगिड़ पिचानवां, देवेंद्र जांगिड़, नथमल जांगिड़ गुड़ा, रामचंद्र जांगिड़, ओमप्रकाश जांगिड़ खाजपुर, सत्यनारायण जांगिड़, बंशीधर जांगिड़ जाबासर, संपत जांगिड़ टमकोर, रविंद्र जांगिड़, ओंकार जांगिड़, संजीव जांगिड़, निशांत जांगिड़ सहित अनेक समाजबंधु उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अनिता जांगिड़ ने सभी समाजबंधुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका निर्वहन वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करेंगी तथा समाज और संगठन के हित में निरंतर कार्य करती रहेंगी।

# तीन हजार किलो के विभिन्न पुष्पों से हुआ श्री गौर निताई

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मानसरोवर इस्कॉन रोड स्थित श्री श्री गिरिधारी दाऊजी मंदिर धोलाई में शनिवार को श्री कृष्ण की पुष्प लीलाओं के संदर्भ में पौष पूर्णिमा के पावन उपलक्ष्य पर प्रथम पुष्प अभिषेक का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर मंदिर के उत्सव विग्रहों के साथ.साथ भगवान के मूल विग्रहों का भी लगभग 3 हजार किलो के विभिन्न प्रकार के पुष्पों से भव्य पुष्प्य अभिषेक किया जाएगा। इस अभिषेक में गुलाबए गेंदा, कमल सहित 10 से अधिक प्रकार की पुष्प प्रजातियों की पंखुड़ियों का उपयोग कर श्री श्री गौर निताई, गिरिधारी दाऊ एवं राधा मदनमोहन का विशेष अभिषेक किया गया। यह पुष्प्य अभिषेक निरंतर एक घंटे तक जारी रहा । इस महोत्सव की विशेष बात यह है कि नववर्ष के उपलक्ष्य में लगभग 150 से अधिक स्वयंसेवकों व इस्कॉन मंदिर के भक्तों ने सेवा भावना से भगवान के लिए विभिन्न प्रकार के पुष्प एकत्र कर उनकी पंखुड़ियाँ स्वयं तैयार की है, जिनका उपयोग ठाकुर श्री राधा मदनमोहनके पुष्प्य अभिषेक में किया गया ।

इस दिन प्रात: मंगल आरती के पश्चात श्रृंगार



दर्शन में भगवान को भक्तों द्वारा विशेष रूप से तैयार पुष्प पोशाक एवं आभूषण अर्पित किए गए, साथ ही मंदिर के गर्भगृह एवं प्रांगण को रंग-बिरंगे पुष्पों एवं आकर्षक रोशनी से भव्य रूप से सजाया गया । दिनभर भक्तों के लिए दर्शन एवं संकीर्तन का क्रम चलता रहा। कार्यक्रम के उपरांत सभी श्रद्धालुओं के लिए भरपेट स्वादिष्ट प्रसादम् की व्यवस्था की गई है।

**ये रहेगी कार्यक्रम की रूपरेखा**- सायं 6 से साढ़े 6 बजे तक मंदिर परिसर में संकीर्तन का आयोजन होगा। जिसके पश्चात साढ़े 6 से 7 बजे तक संध्या आरती की गई। सात से 8 बजे पुष्प अभिषेक किया गया। जिसके पश्चात 8 बजे से प्रसादम कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सभी श्रद्धालु भोजन प्रसादी ग्रहण की।

# पति ने लगाया पत्नी पर लाखों रुपयो और कीमती जेवरात हड़पने का आरोप

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी के जवाहर नगर थाने में एक पीड़ित पति ने अपनी पत्नी और उसके परिजनों के खिलाफ कूटरचित साजिश कर 75 लाख रुपए समेत लाखों रुपयों के सोने-चांदी के आभुषण हड़पने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर इसकी जांच उच्च अधिकारियों के सुपुर्द कर दी है। गौरतलब है कि दिल्ली निवासी पीड़ित की शादी वर्ष 2009 में जवाहर नगर इलाके में रहने वाली एक महिला से हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद ही विवाहिता पति का घर छोड़ दिल्ली चली गई और काफी समझाईश के बाद भी नही लौटी और पति पर दहेज मांगने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज करा दिया। लेकिन कुछ दिन बाद ही पीड़ित पति को जानकारी मिली की उसकी पत्नी दूसरी शादी कर चुकी है। शादी करने के बाद भी वो दहेज प्रताड़ना केस की एवज में 75 लाख रुपए कैश और सोने के जेवर की डिमांड कर रही है। परिवादी का आरोप है कि उसकी पत्नी ने न केवल उसे धोखा दिया बल्कि अब वह साजिश रचकर उससे मोटी रकम और जेवरात वसूलना चाहती है। पति ने आरोप लगाया है कि पत्नी और उसके परिवार के लोगों ने यह जानकारी छुपाकर रखी। पीड़ित ने बताया कि वह कई बार केस के सिलसिले में जयपुर आता रहा, दिल्ली में उसका काम प्रभावित हुआ लेकिन उसके बाद भी पत्नी ने या परिवार के किसी भी सदस्य ने कोई जानकारी नहीं दी। जबकि वह अपने रिश्ते को बचाने का प्रयास करता रहा। जवाहर नगर पुलिस ने चार गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। केस में पत्नी और परिवार के चार सदस्यों का नाम शामिल है।

# हिंदू सम्मेलन की पूर्व तैयारी बैठक आयोजित



निसं

**कांवट ( नवयत्न )।** ग्राम कांवट मंडल में आने वाली 28 जनवरी बुधवार को विराट हिंदू सम्मेलन होने जा रहा है। इस सम्मेलन में समस्त हिंदू समाज की भागीदारी जोड़ने के लिए गायत्री मंदिर में बैठक आयोजित हुई। जिसमें सम्मेलन की सफलता एवं व्यवस्था पक्ष के लिए एडवोकेट जगदीश प्रसाद शर्मा की अध्यक्षता में एक समिति गठन कर पूर्व तैयारियों की प्रस्तावना तैयारी की गई। बैठक में अलग-अलग समितियों का गठन कर सम्मेलन की रूपरेखा तैयार कर दायित्व दिया गया।

# 15 तक ऑनलाईन भरें राज्य बीमा पॉलिसियों के स्वत्व प्रपत्र

**चूरू ( नवयत्न )।** राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग ने आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 में सेवानिवृत होने वाले राज्यकर्मियों के हित में राज्य बीमा पॉलिसियों के भुगतान को लेकर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए हैं। सहायक निदेशक गणपत राम चौधरी ने बताया कि 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 के मध्य सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिक जिनकी जन्म दिनांक 01 अप्रैल 1966 से 31 मार्च 1967 है उनकी राज्य बीमा पॉलिसी आगामी 01 अप्रैल 2026 को परिपक्व होगी। उन्होंने बताया कि दावों के त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित कार्मिकों को अपनी अंतिम प्रीमियम कटौती दिसम्बर 2025 के वेतन तक करवानी होगी। इसके पश्चात परिपक्वता स्वत्व दावा प्रपत्र को आवश्यक दस्तावेजों सहित अपनी एसएसओ आईडी से न्यू एसआईपीएफ पोर्टल पर 01 जनवरी से 15 जनवरी, 2026 तक आवश्यक रूप से दावा ऑनलाईन सबमिट करना होगा। समय पर आवेदन मिलने पर दावा राशि सीधे कार्मिकों के बैंक खातों में हस्तांतरित की जा सकेगी। उन्होंने बताया कि दावा प्रपत्र प्रस्तुत करते समय कार्मिकों को परिपक्वता स्वत्त्व दावा प्रपत्र के साथ बीमा रिकॉर्ड बुक, मूल बीमा पॉलिसी, पदस्थापन विवरण, परिशिष्ट क एवं आईएफएमएस/पे मैनेजर वाली बैंक पास बुक या निरस्त चैक की प्रति आवश्यक रूप से अपलोड करनी होगी। सहायक निदेशक गणपत राम चौधरी ने बताया कि चिकित्सा अधिकारियों व पॉलिसी विस्तार के लिए विशेष प्रावधान विज्ञप्ति में यह भी स्पष्ट किया जा रहा है कि राज्य सरकार के जिन चिकित्सा अधिकारियों की सेवानिवृति आयु 60 से बढ़ाकर 62 अथवा 65 वर्ष कर दी गई है उनकी पॉलिसी की परिपक्वता तिथि स्वत: ही तदनुसार परिवर्तित हो जाएगी।

# स्वैच्छिक रक्तदान शिविर 12 को

निसं

**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** कस्बे के वार्ड नं. 12, लाल कुआं के पास स्वामी विवेकानंद सेवा संघ के तत्वावधान में 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक खंड कार्यवाह जयप्रकाश कुमावत ने बताया कि स्वामी विवेकानंद के जन्मोत्सव युवा दिवस पर तृतीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन श्रीलाल कुआं गणेश पूजा स्थल पर किया जाएगा। 12 जनवरी को सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। इस अवसर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों द्वारा मकर संक्रांति उत्सव भी मनाया जाएगा।

# बैठक आज

निसं

चूरू (नवयत्न)। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा की अध्यक्षता में सोमवार को सुबह साढ़े 10 बजे जिला परिषद सभागार में गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर बैठक आयोजित की जाएगी। एडीएम अर्पिता सोनी ने बताया कि बैठक में गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों व प्रबंधन को लेकर चर्चा की जाएगी। उन्होंने बैठक को लेकर संबंधित अधिकारियों को समुचित निर्देश दिए हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190